

तीसरा नवरात्र: शांति और क्रांति की देवी मां चंद्रघंटा

पृष्ठ 2


RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# पूजा से पहले बंगाल में बारिश ने ढहाया कहर, 10 की मौत

## कोलकाता में 37 साल में सबसे भारी बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त



- **जलजमाव में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से गई लोगों की जान**
- **बारिश का पूजा पंडालों की तैंयारियों पर भी भारी असर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता व आसपास के जिलों में सोमवार की रात से लेकर मंगलवार की सुबह तक हुई भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जलजमाव में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई। कोलकाता और हावड़ा में कई जगहों पर घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे सड़क, ट्रेन यहां तक कि मेट्रो सेवा भी ठप हो गई। क्रू मेंबर और पायलटो के देर से पहुंचने से विमान सेवा भी प्रभावित हुई है। कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के मुताबिक, पिछले चार दशक में सितंबर महीने में अब तक की सबसे ज्यादा 300 मिलीमीटर बारिश हुई है। कोलकाता के कई इलाके जलमग्न हैं। हावड़ा के रेलवे यार्ड में भी बारिश का पानी घुस गया है। बारिश का पूजा पंडालों की तैयारियों पर भी भारी असर पड़ा है। आधी रात के बाद लगातार पांच घंटे हुई भारी बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो गईं और कोलकाता में कई घरों एवं आवासीय परिसरों में पानी घुस गया। शहर में और अधिक बारिश होने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पूर्व में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अनुसार, शहर के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में बारिश की तीव्रता ज्यादा रही। गड़िया में कुछ ही घंटों में 332 मिलीमीटर बारिश हुयी, जबकि जोधपुर पार्क में 285 मिमी बारिश दर्ज की गई। कालीघाट में 280 मिमी, तपसिया में 275 मिमी, बालीगंज में 264 मिमी, जबकि उत्तर कोलकाता के कुछ इलाकों में 195 मिमी बारिश हुई।

### सीईएससी पर भड़कीं ममता, लगाई फटकार

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में भारी बारिश और बाढ़ के बीच करेंट लगने से 10 लोगों की मौत के लिए कलकत्ता इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कॉरपोरेशन (सीईएससी) को जिम्मेदार ठहराया है। इसके साथ ही उन्होंने शहर के बड़े हिस्सों में बिजली की कमी की समस्या पर भी सवाल उठाए। ममता ने एक निजी बंगाली समाचार चैनल से बात करते हुए कहा कि सीईएससी को इन मौतों की जिम्मेदारी लेनी होगी। उन्हें और लोगों को तैनात करना चाहिए। वे यहाँ व्यवसाय कर रहे हैं, लेकिन सुविधाओं का आधुनिकीकरण राजस्थान में हो रहा है। बार-बार याद दिलाने के बावजूद वे यहां इस पर ध्यान नहीं दे रहे। मैं उन्हें बार-बार कहते हुए थक गई हूं। मुख्यमंत्री ने यह भी मांग की कि सीईएससी मृतकों के परिजनों को नौकरी दे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि सीईएससी ऐसा नहीं कर पाता, तो बंगाल सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी होगी। ममता ने शिकायत की कि सीईएससी के वरिष्ठ अधिकारियों से बार-बार प्रयास के बावजूद संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने निजी क्षेत्र के कर्मचारियों से अगले दो दिनों तक घर से काम करने की अपील की। ममता ने कहा कि आज किसी को बाहर निकलने की जरूरत नहीं है। मैं निजी क्षेत्र से मानवीय दृष्टिकोण से स्थिति को देखने का अनुरोध करती हूं। कई लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। कोई नहीं जानता कि कहां बिजली का तार है। जीवन सबसे पहले आता है।

### 'हम रखरखाव नहीं करते', सीईएससी ने मुख्यमंत्री की आरोप पर कहा

लगातार बारिश और गंभीर जलभराव के चलते सीईएससी लिमिटेड ने कोलकाता के कई इलाकों में एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कर दी है। कंपनी ने बताया कि बिजली तभी बहाल की जाएगी जब संबंधित अधिकारी पुष्टि करेंगे कि पानी सुरक्षित स्तर तक कम हो गया है। सीईएससी ने स्पष्ट किया कि स्ट्रीट लाइट और ट्रैफिक लाइट उनके स्वामित्व या प्रबंधन में नहीं आतीं। कंपनी की टीम लगातार स्थिति पर नजर रख रही है और संबंधित अधिकारियों से संपर्क में है। सीईएससी ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है और लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## बंगाल में भारी बारिश से हालात बिगड़ी, दो दिनों के लिए स्कूलों में छुट्टी

पूजा की शुरुआत से पहले ही मूसलाधार बारिश ने कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों को अस्त-व्यस्त कर दिया है। यातायात से लेकर रोजमर्रा की जिंदगी तक सब ठप हो गई है। इस अभूतपूर्व स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई अहम फैसले किए हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में मंगलवार से ही छुट्टी घोषित कर दी है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बाबत आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही, आईसीएसई और सीबीएसई से जुड़े प्राइवेट स्कूलों को भी अगले दो दिन यानी 24 और 25 सितंबर तक छुट्टी देने का अनुरोध किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने भी एक्स पर घोषणा की कि 23, 24 और 25 सितंबर को सभी स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थान बंद रहेंगे। इस तरह तय समय से तीन दिन पहले ही पूजा की छुट्टियां शुरू हो गई हैं।

## आयुष्मान भारत योजना सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के मामले में क्रांतिकारी साबित हुई: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 2018 में आज ही के दिन शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी साबित हुई है और इसके लाभार्थियों के लिए वित्तीय सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित हुआ है। इस चिकित्सा बीमा योजना के तहत पांच लाख रुपये का वार्षिक स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है और गरीब व 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, आज आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। यह एक ऐसी पहल थी जिसमें भविष्य की जरूरतों का अनुमान लगाकर लोगों के लिए उच्च गुणवत्ता के साथ-साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में क्रांति देख रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने आगे कहा, भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाना, करुणा और तकनीक मानव सशक्तिकरण को आगे बढ़ा सकते हैं।

## भारत ने पाकिस्तानी विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद रखने की समयसीमा 24 अक्टूबर तक बढ़ाई

**नयी दिल्ली :** भारत ने पाकिस्तान के सैन्य एवं असैन्य विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद रखने की समयसीमा 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। पाकिस्तान ने भी 24 अक्टूबर तक भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर अप्रैल से ही दोनों देशों ने एक-दूसरे के विमानों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर रखा है। भारत और पाकिस्तान ने हवाई क्षेत्र बंद रखने की अवधि बढ़ाने के सिलसिले में 'नोटिसेज टू एयरमेन' (एनओटीएएम) अलग से जारी किया है।

## रुपया 45 पैसे लुढ़ककर 88.73 प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 45 पैसे लुढ़ककर 88.73 के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिका के एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि के कारण भारतीय आईटी सेवाओं का निर्यात गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी के बीच रुपये पर दबाव कायम है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि रुपया रिकॉर्ड निम्न स्तर पर आ गया। इसका कारण बाजार नए एच-1बी वीजा शुल्क को बढ़ाकर 1,00,000 डॉलर करना है जिससे धन प्रेषण में वृद्धि की गति धीमी हो सकती है और अमेरिका को सेवा निर्यात में भारी कमी आ सकती है।

## दो साल बाद जेल से रिहा हुए सपा नेता आजम खां



**सीतापुर/लखनऊ/रामपुर/संभल :** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खां को लगभग दो साल के बाद मंगलवार को सीतापुर जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खां की रिहाई पर खुशी जतायी और वादा किया कि राज्य में सपा सत्ता में आई तो खां के खिलाफ दर्ज सभी ''झूठे मुकदमे'' वापस ले लिये जाएंगे। कभी उत्तर प्रदेश के प्रभावशाली मंत्री रहे आजम खां लगभग दो साल जेल में रहने के बाद मंगलवार की दोपहर रिहा कर दिये गये। सफेद कुर्ता-पायजामा और काले रंग का चश्मा व वेस्टकोट पहने खां एक निजी वाहन में सवार होकर जेल परिसर से बाहर निकले और रामपुर रवाना हो गए। खां देर शाम रामपुर स्थित अपने आवास पर पहुंचे तो उनके समर्थकों ने 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे लगाये। समर्थकों के हुजूम की वजह से खां बड़ी मशक्कत के बाद अपने घर के अंदर दाखिल हो सके। रामपुर जिले की सीमा में प्रवेश करते ही पुलिस ने सपा नेता आजम खां के काफिले के वाहनों को अवरोधक लगाकर रोक दिया। केवल आजम खां और उनके बेटे के वाहनों को ही आगे जाने दिया गया।

## पूजा पंडालों के उद्घाटन के लिए कल कोलकाता आ रहे हैं अमित शाह

- **महानगर के तीन पूजा पंडालो का करेंगे केंद्रीय गृह मंत्री उद्घाटन**


**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार की रात दुर्गापूजा के पंडालों के उद्घाटन के लिए कोलकाता आ रहे हैं। राज्य भाजपा ने मंगलवार को उनके कोलकाता दौरे के दौरान उनके संभावित कार्यक्रमों की जानकारी दी है। शाह के कार्यक्रम के अनुसार, वह गुरुवार की रात 8 बजे बीएसएफ के विशेष विमान से मुंबई से कोलकाता के लिए रवाना होंगे। रात 11 बजे कोलकाता के दमदम स्थिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद, उनका रात्रि विश्राम राजारहाट इलाके के एक होटल में होगा। शुक्रवार की सुबह 11:20 बजे, वह दक्षिण कोलकाता के लेक एवेन्यू में सेवक संघ की दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करने जाएंगे। यह पूजा स्थल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निवास कालीघाट के पास स्थित है। सेवक संघ पूजा का उद्घाटन करने के बाद, केंद्रीय गृह मंत्री का गंतव्य उत्तर कोलकाता के संतोष मित्रा स्क्वायर (लेबुतला पार्क) में पूजा होगी। जिसके आयोजक भाजपा पार्षद सजल घोष हैं। शाह उस मंडप का उद्घाटन करेंगे। शाह शुक्रवार की दोपहर 1:45 बजे राजारहाट के होटल लौट आएंगे। दोपहर के भोजन के बाद, वह दोपहर 3:05 बजे 'पश्चिम बंगाल संस्कृति मंच' (बंगाल में राज्य भाजपा की एक पहल) द्वारा बिधाननगर में 'पूर्वी सांस्कृतिक केंद्र' (ईजेडसीसी) में आयोजित दुर्गा पूजा का उद्घाटन करने जाएंगे।

## पंद्रह अक्टूबर तक दूसरी ट्रेन आने पर वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू की जाएंगी: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि नियमित सेवा के लिए 15 अक्टूबर तक दूसरी ट्रेन तैयार हो जाने के बाद वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू की जाएंगी। अधिकारियों के अनुसार, आवश्यक परीक्षणों और जांच के बाद, एक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिल्ली के शकूर बस्ती कोचिंग डिपो में लॉन्च के लिए तैयार है। मीडिया को जानकारी देते हुए, वैष्णव ने कहा कि दूसरी ट्रेन का निर्माण किया जा रहा है और यह संभवतः 15 अक्टूबर 2025 तक तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा, ''दोनों ट्रेन एक साथ चलाई जाएंगी।'' मंत्री ने कहा कि नियमित सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए दूसरी ट्रेन जरूरी है। वैष्णव ने कहा, ''इसलिए हम दूसरी 'रेक' का इंतजार कर रहे हैं। यह मिल जाए, तो हम कोई भी मार्ग तय करेंगे और परिचालन शुरू करेंगे।'' ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि ये ट्रेनें नयी दिल्ली और पटना के बीच शुरू की जाएंगी, क्योंकि बिहार में कुछ हफ्तों बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। वैष्णव ने रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के साथ मीडिया को पंजाब में मौजूदा और आगामी रेल परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया।

## भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू, राजनाथ बोले- मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम

**रबात (मोरक्को) :** भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है। यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया। राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फॉर द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका



उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है।

### भारत का पहला विदेशी रक्षा उत्पादन केंद्र

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा।







## नागरिकों पर पाक वायुसेना का हमला

पाक सत्ता के कुशासन व भेदभाव से त्रस्त उसके कई राज्यों के नागरिक दमन के खिलाफ मुखर विरोध जताते रहे हैं। जिसमें पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत, खैबर पख्तूनख्वा के लोग भी शामिल हैं। गरीबी-महंगाई और हाल के हफ्तों में भारी बाढ़ की तबाही झेल रहे खैबर के असहाय लोग अब एक क्रूर सैन्य अभियान का भी दंश झेल रहे हैं। कहने को तो पाक सेना के इशारे पर मुहिम चला रही सरकार का कहना है कि खैबर पख्तूनख्वा में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकवादियों का सफाया करने के लिये यह अभियान चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि तिराह घाटी में पाकिस्तानी वायु सेना के विमानों द्वारा किए गए बम विस्फोटों में महिलाओं-बच्चों समेत करीब तीस नागरिकों की जान चली गई है। इस घटना के बाद पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने अफगानिस्तान सीमा के पास हुए हवाई हमलों की जांच की मांग की है। हमेशा की तरह की झूठी कहानी गढ़ने में मशहूर पाकिस्तानी पुलिस की दलील है कि इन मौतों के लिये उस परिसर में हुए विस्फोट जिम्मेदार हैं, जहां टीटीपी ने विस्फोटक सामग्री जमा कर रखी थी। दरअसल, भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों के द्वारा पाकिस्तान के आतंकवाद फैलाने के मंसूबों को बेनकाब किया है। जिसके जवाब में पाकिस्तान सेना के फील्ड मार्शल असीम मुनीर यह दिखावा करने पर तुले हुए हैं कि उनका देश आंतकवाद का पोषक नहीं बल्कि इससे पीड़ित देश है। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी पाकिस्तान में यह चाल खूब चली है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय भारतीय धरती पर हुए इस भयावह नरसंहार के लिये पाकिस्तान को दोषी ठहराने से कतरा रहा है, भले ही इसके स्पष्ट संकेत हों। दरअसल, कथित रूप से आतंकवाद से निपटने के बहाने, पाकिस्तान का सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ यानी पीटीआई सरकार को कमजोर करने की भरसक कोशिश कर रहा है। वास्तव में पाक हुकमरान अतीत में भी सेना के इशारे पर विपक्षी राजनीतिक दलों के दमन के लिये अभियान चलाते रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई अपने संस्थापक, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के दो साल से जेल में बंद होने के विरोध में पहले ही संघर्ष जारी रखे हुए है। पूरे देश में पीटीआई कार्यकर्ताओं को जेलों में डाला जा रहा है। दरअसल, पाकिस्तान की सत्ता में काबिज वर्ग विशेष के खिलाफ प्रतिरोध का स्वर मुखर करने वाले प्रांतों में लोगों के सफाये के लिये सुनियोजित अभियान चलाये जाते रहे हैं। खैबर पख्तूनख्वा में लंबे समय से मानवाधिकारों के हनन और लोगों के जबरन विस्थापन के खिलाफ लगातार विरोध के स्वर उभरते रहे हैं। अब इस हवाई हमले ने पाकिस्तान सरकार के नापाक मंसूबों को सारी दुनिया के सामने उजागर कर दिया है, जो अपने सोते हुए नागरिकों पर बम बरसाकर खतरनाक इरादों को अंजाम दे रही है। विडंबना यह है कि जो पाकिस्तान भारत के खिलाफ दशकों तक सीमा पार से आतंकवाद का प्रायोजक रहा है, अब यह चाहता है कि तालिबान सरकार सुनिश्चित करे कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिये न हो। इसमें दो राय नहीं कि पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर के दुस्साहस के चलते ही अफगानिस्तान के साथ उसके देश के संबंधों को नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान के इस टकराव के रवैये के कारण पाकिस्तान व अफगानिस्तान के रिश्ते सबसे खराब दौर में पहुंच गए हैं। निस्संदेह, इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता खतरे में पड़ गई है। सही मायनों में खैबर पख्तूनख्वाह में मची तबाही पर भारत को पाक पर आंख बंद करके विश्वास करने वाले चीन, अमेरिका और तुर्की जैसे देशों को इस हकीकत से अवगत कराना चाहिए। पाकिस्तान द्वारा अपने ही नागरिकों पर किए जा रहे अत्याचारों पर आंख मूंद लेने के लिए भारत को इन देशों को आड़े हाथ लेना चाहिए। समय-समय पर भारत व पाकिस्तान को लेकर दोहरे मापदंड अपनाने वाले इन देशों को हकीकत से अवगत होना जरूरी भी है। उन्हें याद रखना चाहिए कि वे भारत व पाकिस्तान को एक तराजू में रखकर नहीं तोल सकते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 सितम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष तृतीया, 31:05 तक, नक्षत्र : चित्रा, 16:12 तक, योग : इंद्र, 20:53 तक, सूर्योदय: 5:26, सूर्यास्त: 17:33, चन्द्रोदय : 07:19, चन्द्रास्त: 18:49, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 11:28 से 12:58

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों के लिए बुधवार का दिन बेहद खास रहने वाला है। नवरात्रि के तीसरे दिन आपको भाग्य का पूरा साथ मिलने वाला है। आप सभी बाधाओं को आसानी से पार कर लेंगे।

**वृष :** वृषभ राशि के जातकों के लिए भी नवरात्रि का तीसरा दिन खास रहने वाला है। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की संकेत नजर आ रहे हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन तेजी से आगे बढ़ने का है। नवरात्रि का तीसरा दिन आपके लिए बेहद शुभ साबित होने वाला है। अपने कार्य पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

**कर्क :** बुधवार का दिन कर्क राशि वालों के लिए पारिवारिक जिम्मेदारियों से भरा रह सकता है। परिवार के लोगों के प्रति आपका लगाव आपको आज थोड़ा परेशान कर सकता है।

**सिंह :** आज का दिन सिंह राशि के जातकों के लिए परेशानी से भरा रह सकता है। पिछले कुछ समय से कारोबार में चल रही अस्थिरता आपको परेशान कर सकती है।

**कन्या :** कन्या राशि वाले जातकों के लिए आज का दिन मेहनत और भागदौड़ से भरा रहने वाला है। इसके बावजूद भी आज आप जो प्रयास करेंगे इसके नतीजे आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगे।

**तुला :** तुला राशि के जातकों के लिए नवरात्रि का तीसरा दिन मानसिक तनाव और चिंता से भरा रहने वाला है। शुक्र की स्थिति के कारण कुछ परेशानियों से आपको दो-दो हाथ करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वाले लोगों को अचानक शुभ समाचार प्राप्त होगा। इस दिन आपको अपने कार्य क्षेत्र में तनाव का सामना करना पड़ सकता है। आपको अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

**धनु :** धनु राशि के जातकों के लिए बुधवार का दिन नए अवसर लेकर आ रहा है। आज के दिन आपको किसी नए संपर्क से लाभ प्राप्त होने की संभावना भी उत्पन्न हो रही है।

**मकर :** आज का दिन मकर राशि के जातकों के मान-सम्मान को बढ़ाने वाला होगा। सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी से आपका सम्मान बढ़ेगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन लाभ कमाने का दिन है। आज उच्च अधिकारी वर्ग के लोग आपके काम आएंगे और विकास में मददगार साबित होंगे।

**मीन :** मीन राशि के जातकों को देवगुरु बृहस्पति की कृपा से उन्नति के कई अवसर मिलेंगे। आज के दिन अध्ययन तथा अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। मन को शांति मिलेगी।

# तीसरा नवरात्र: शांति और क्रांति की देवी मां चंद्रघंटा



डॉ घनश्याम बादल

शारदीय नवरात्रों का आज तीसरा दिन है जो जो मां चंद्रघंटा को समर्पित किया गया है।

मां चंद्रघंटा शांति एवं क्रांति तथा आशीष एवं पराक्रम दोनों की सम्मिश्रण मानी जाती हैं। नवरात्र नौ दिनों के व्रत उपवास मात्र नहीं वरन् स्त्री के नौ शक्ति रूपों के दर्शन करने का महापर्व है । वस्तुत नौ देवियों के रूप में हम स्त्री के नौ रूपों का वंदन करते हैं। मां शैलपुत्री के बाद मां ब्रह्मचारिणी का वंदन विशेष फलदाई माना गया है।

**शांतिदायक, कल्याणकारी :**

तीसरे नवरात्र को दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना होती है। देवी भागवत पुराण के अनुसार मां दुर्गा का चंद्रघंटा रूप शांतिदायक एवं कल्याणकारी है। देवी को चंद्रघंटा इसलिए कहा जाता है क्योंकि इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचंद्र है । मां दुर्गा की यह शक्ति तृतीय चक्र पर विराज कर ब्रह्माण्ड से दसों प्राणों व दिशाओं को संतुलित करती है । मां चंद्रघंटा की उपासना से भक्तगण समस्त सांसारिक कष्टों से छूटकर परमपद के पाते हैं।

**मणिपुर चक्र नियंता :**

मां दुर्गा के तीसरे रूप चंद्रघंटा के शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है उनका वाहन सिंह है। इनके दस हाथ हैं और कमल, धनुष, बाण, खड्ग, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा आदि जैसे अस्त्र और शस्त्र से सुसज्जित हैं। गले में श्वेत पुष्प की माला और सिर पर रत्नजड़ित मुकुट है। माता चंद्रघंटा युद्ध की मुद्रा में विराजमान रहती है और मणिपुर चक्र को नियंत्रित करती हैं।

**आसुरी शक्ति विनाशक :**

देवी चंद्रघंटा की पूजा करने से मन को अलौकिक शांति मिलती है और सर्व कल्याण होता है । मान्यता है कि देवी वंदन से मन को परम सूक्ष्म ध्वनि सुनाई देती है, जो मन को असीम शांति प्रदान करती है। चूंकि इनका वर्ण स्वर्ण जैसा चमकीला है और ये हमेशा आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए तत्पर रहती हैं, इसलिए इनकी आराधना करने वाले को भी अपूर्व शक्ति का अनुभव होता है।

**अभयदायिनी :** मां के शैलपुत्री और ब्रह्मचारिणी स्वरूप जब भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त कर लेती हैं तब वह आदिशक्ति के रूप में प्रकट हो चंद्रघंटा बन जाती हैं। देवी पार्वती के जीवन में तीसरी

**माँ चन्द्रघंटा**



सबसे बड़ी घटना के रूप में उनको प्रिय वाहन बाघ प्राप्त होता है। माता बाघ पर सवार होकर भक्तों को अभय प्रदान करती हैं उन्हें लाल रंग प्रिय है इसलिए माता की पूजा में लाल रंग के वस्त्र पहनने का बड़ा महत्व माना जाता है।

ऐसे करें प्रसन्न :

मां चंद्रघंटा को प्रसन्न करने के लिए यह श्लोक फलदाई है -

पिंडजप्रवरारूढ़ा, चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं, चंद्रघंटेति विश्रुता।।

जिसका अर्थ है श्रेष्ठ सिंह पर सवार और चंडकादि अस्त्र शस्त्र से युक्त मां चंद्रघंटा मुझ पर अपनी कृपा करें।

**ऐसे करें पूजन :**

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन ब्रह्ममुहुर्त में उठना चाहिए और स्नानादि से निवृत होकर माता का ध्यान करना चाहिए और पूजा स्थल पर गंगाजल से छिड़काव कर उसे पवित्र करना चाहिए। तत्पश्चात माता का ध्यान करते हुए घी के पांच दीपक जलाएं और माता को सफेद कमल या पीले गुलाब के फूल या माला अर्पित करें, रोली, अक्षत और पूजा की सामग्री, कपूर और दीपक से माता की सुबह-शाम आरती करें । आरती के दौरान पूरे घर में शंख और घंटा बजाएं, ऐसा करने से घर की नकारात्मकता खत्म होती है। सपरिवार माता के जयकारे लगाएं और भोग में माता को केसर की खीर या दूध से बनी मिठाई का भोग लगाकर पूजा संपन्न करें। इसके साथ चंद्रघंटा माता की कथा, दुर्गा चालीसा, दुर्गा स्तुति या दुर्गा सप्तशती आदि का पाठ करें। शाम के समय में भी माता की आरती करें और ध्यान करें।

**आधुनिक संदर्भ :**

यद्यपि नवरात्र एक पूर्णतया धार्मिक अनुष्ठान है लेकिन यदि आज के संदर्भ में देखें तो मां चंद्रघंटा की उपासना का अर्थ है स्त्री की शक्ति के रूप में उपासना करना । मां चंद्रघंटा का 10 हाथों वाला स्वरूप नारी के रूप में स्त्री शक्ति की बढ़ती हुई कुशलता एवं दसों दिशाओं में उसके पराक्रम का भी प्रतीक है साथ ही साथ युद्ध के लिए तत्पर मां चंद्रघंटा का स्वरूप इस बात का भी संकेत करता है कि यदि स्त्री चाहे तो अपने पराक्रम से सब कुछ प्राप्त कर सकती है तथा जग के कल्याण के लिए शस्त्र उठाने में भी वह पीछे नहीं है अतः नवरात्र में मां चंद्रघंटा की उपासना के साथ-साथ नारी के इस रूप को भी सम्मान देने की जरूरत है।

**रहें शांत व सात्विक :**

यदि नवरात्र सच्चे मन से मनाने हैं एवं उनका फल प्राप्त करना है तो मां चंद्रघंटा में केवल अंधभक्ति नहीं अपितु तर्क शक्ति तथा आस्था के साथ विश्वास करना एवं उनके व्यक्तित्व से सीखने की जरूरत है कि हमें हर हाल में विनाशक शक्तियों के खिलाफ संघर्ष के लिए सदैव उद्यत रहना चाहिए । उनके सोनए जैसे रंग से यह सीख लेनी चाहिए कि संपन्नता प्राप्त करने के लिए पराक्रम होना अत्यावश्यक है लेकिन साथ ही साथ यह पराक्रम दुष्ट प्रवृत्तियों के विनाश के लिए तथा सद् प्रवृत्तियों के रक्षण के लिए किया जाना चाहिए। सर पर या मस्तक पर घंटा आकार चंद्रमा धारण करने को हमें इस रूप में देना चाहिए कि हमें सदैव मन एवं मस्तिष्क को शांत रखना चाहिए तथा क्रोध अथवा तामसी प्रवृत्तियों के वशीभूत होकर हिंसा नहीं करनी चाहिए ।

# जेल से बाहर आये आजम की चुप्पी ने बढ़ाया सियासी पारा



अजय कुमार

कद्दावर नेता आजम खान 23 माह के बाद जेल से बाहर आ गये। रिहाई के बाद उन्होंने अभी तक मुंह नहीं खोला है, लेकिन आजम को लेकर राजनीति के गलियारों में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कोई उनके बहुजन समाज पार्टी के साथ तो कोई ओवैसी के साथ जाने की बात कह रहा है। उधर, समाजवादी पार्टी आजम की रिहाई पर मुखर होकर खुशियां नहीं मना रही है, इससे लगता है कि अब आजम खान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के लिए प्रासंगिक नहीं रह गये हैं। इसकी वजह भी है आजम एक कट्टर मुस्लिम नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। उधर, बीजेपी हिन्दू वोटरों को एकजुट करने में लगी है, ऐसे में आजम की कट्टर छवि के चलते उनको साथ लेने पर समाजवादी पार्टी को गैर मुस्लिम वोट बैंक छिड़कने की संभावना रहती है। इसी से बचने के लिये आजम खान से समाजवादी पार्टी थोड़ी दूरा बनाकर चल रही है।आजम खान के पास रिहाई के बाद सपा से दूरी बनाकर अपनी राजनीति चमकाने के और कौन कौन से विकल्प बचे है, इस पर बारीकी से नजर दौड़ाने पर जो तस्वीर उभर कर सामने आती है। वह कुछ इस प्रकार की हो सकती है।

करीब दो साल बाद आजम खान की रिहाई के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गयी है। तेईस महीनों तक जेल की सलाखों के पीछे रहकर बाहर आये आजम खान ने बाहर आते ही खामोशी अख्तियार कर रखी है। यह खामोशी अपने आप में बहुत गहरी है, क्योंकि एक ओर जहां उनके समर्थक यह इंतजार कर रहे हैं कि वह कोई राजनीतिक संकेत देंगे, वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी में उनके लिये ठडी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी आजम की रिहाई पर कोई बड़ा बयान नहीं दिया, न ही पार्टी ने ढोल नगाड़ों के साथ इस अवसर को राजनीतिक उत्सव बनाया। इस स्थिति को देखकर यह सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि आजम खान अब समाजवादी पार्टी की राजनीति में पहला विकल्प नहीं रह गये हैं।

गौरतलब हो, आजम खान ने अपनी लंबी राजनीतिक यात्रा के दौरान यह छाप बनाई है कि वह एक बेहद मजबूत, कट्टर और मुखर मुस्लिम नेता हैं। रामपुर से लेकर लखनऊ तक उनके भाषणों और उनकी पहचान हमेशा अल्पसंख्यक राजनीति से मजबूती से जुड़ती रही है। इसी वजह से जब भी मुस्लिम वोट बैंक को लामबंद करने की चर्चा होती है, तो आजम खान का नाम सबसे ऊपर आता है। मगर उत्तर प्रदेश की मौजूदा राजनीति में सपा की रणनीति मुस्लिम समेत अन्य जातियों को साथ लाकर सत्ता पर वापसी की है। भाजपा लगातार हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण कर रही है। ऐसे समीकरण में पार्टी के लिये आजम खान की कट्टर मुस्लिम नेता वाली छवि कहीं न कहीं चुनौती बन सकती है, क्योंकि भाजपा इस छवि को कठघरे में खड़ा कर गैर मुस्लिम वोटरों को अपने पास पूरी तरह खींचने की कोशिश करेगी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि अब जेल से बाहर आये आजम खान अपनी राजनीति किस दिशा में ले जाते हैं। अगर समाजवादी पार्टी ने उनसे दूरी बना ली, तो उनके पास रणनीतिक तौर पर कौन कौन से नए रास्ते बचते हैं।

सबसे पहला रास्ता बहुजन समाज पार्टी की ओर जाता दिखता है। बसपा की मौजूदा राजनीति मुस्लिम और दलित के गठजोड़ पर टिकी हुई है। मायावती लगातार इस फार्मूले को आगे रखने की कोशिश कर रही हैं। मगर बसपा के पास वह तेजतर्रार मुस्लिम चेहरा नहीं है जो आजम खान जैसे कद्दावर नेता की सियासी ताकत को दर्शा सके। ऐसे में यदि आजम मायावती के साथ कदम मिलाते



हैं, तो बसपा को लाभ मिल सकता है और आजम को भी अल्पसंख्यकों के बीच अपनी जमीन मजबूत करने का प्लेटफार्म मिल जायेगा। दूसरा रास्ता असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन का है। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत की राजनीति में मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की लगातार कोशिश की है। मगर उनकी पार्टी अभी तक यहां बहुत बड़ी सफलता हासिल नहीं कर पाई है। अगर आजम खान जैसे नेता ओवैसी के साथ आते हैं, तो मुस्लिम राजनीति को एक नया स्वरूप मिल सकता है। रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर जैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में यह गठजोड़ असर दिखा सकता है। हालांकि इसके साथ यह भी सच है कि अगर आजम खान पूरी तरह मुस्लिम राजनीति में केंद्रित हो जाते हैं, तो उन्हें व्यापक गठजोड़ का हिस्सा बनने से दूरी झेलनी पड़ सकती है।

तीसरा विकल्प यह है कि आजम खान अपनी अलग राजनीतिक पार्टी खड़ी करें। उत्तर प्रदेश में कई नेताओं ने यह रास्ता अपनाया है, लेकिन बहुत कम को सफलता मिली है। मुलायम सिंह यादव, कांशीराम और मायावती जैसे नेताओं ने अलग मंच लेकर बड़ा विस्तार किया, पर इसके लिये व्यापक जनाधार और संगठनात्मक क्षमता की ज़रूरत होती है। आजम खान के पास रामपुर और उसके आसपास प्रभावशाली जनाधार है, लेकिन पूरे प्रदेश में उन्हें एक व्यापक समर्थन खड़ा करने की चुनौती होगी। हालांकि अगर वह यह कदम उठाते हैं, तो यह मुस्लिम राजनीति के लिहाज से एक बड़े प्रयोग जैसा होगा। इसके अलावा चौथा मार्ग हुये गठबंधन की राजनीति हो सकता है। आजम न तो अकेले बसपा में शामिल हों, न ही ओवैसी की पार्टी में समा जायें, बल्कि इन सबके बीच गठजोड़ का सूत्रधार बनें। मुस्लिम राजनीति के दल और कुछ छोटे नेताओं को वे मिलाकर एक साझा मंच खड़ा कर सकते हैं। इस तरह वह न सिर्फ अपने भविष्य को सुरक्षित करेंगे, बल्कि प्रदेश की सत्ता समीकरणों में महत्वपूर्ण कारक भी बन सकते हैं। वहीं यह भी हो सकता है कि आजम खान सक्रिय राजनीति से दूरी बनाकर खुद को एक बड़े मार्गदर्शक की भूमिका में ढालें और अपने बेटे को राजनीति में स्थापित करें। आजम की उम्र अब उस पड़ाव पर है जहां लंबे संघर्ष के बाद एक वरिष्ठ नेता के रूप में वह अपनी परंपरा और अनुभव को युवा चेहरों तक पहुंचा सकते हैं। मगर आजम खान की अब तक की राजनीति को देखकर लगता है कि वह इतनी जल्दी राजनीतिक जीवन से संन्यास नहीं लेंगे। वैसे एक विकल्प कांग्रेस के साथ जाने का भी है, उसके साथ जाकर आजम इडिया गठबंधन के हिस्सेदार बन सकते हैं।

आजम की खामोशी, दरअसल बहुत कुछ बयां कर रही है। जेल से बाहर आने के बावजूद उन्होंने तुरंत कोई राजनीतिक बयान नहीं दिया। यह हो सकता है कि वह देखना चाह रहे हों कि समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव की तरफ से उन्हें किस तरह का संकेत मिलता है। अगर सपा लंबे समय तक खामोश रहती है, तो वह मजबूर होकर नया रास्ता तलाश सकते हैं। वर्तमान दौर में उत्तर प्रदेश की राजनीति मुख्यतः भाजपा और सपा के बीच सीमित होकर रह गयी है। मायावती की पार्टी कमजोर हुई है और कांग्रेस प्रभावहीन। ऐसे में आजम खान अपने विकल्पों को जिस दिशा में ले जायेंगे, वह सिर्फ उनकी ही राजनीति तय नहीं करेगी, बल्कि प्रदेश के चुनावी समीकरणों पर भी असर डालेगी। अगर वह सपा से दूर होकर नया रास्ता अपनाते हैं, तो भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठजोड़ की मजबूती या कमजोरी दोनों में उनकी भूमिका अहम रहेगी। फिलहाल, आजम खान की रणनीति इंतजार और नजर रखने वाली लग रही है। वह यह समझना चाह रहे हैं कि मौजूदा समय में कौन सा रास्ता उन्हें ज्यादा सियासी फायदा देगा और उन्हें उनकी पुरानी सियासी ताकत दिला सकता है। अगले कुछ महीनों में यह साफ हो जाएगा कि आजम खान किस राह पर चलेंगे, लेकिन इतना तय है कि उनकी मौन साधना ने प्रदेश की राजनीति को एक नई बेचैनी और चर्चा का विषय जरूर दे दिया है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### चीन और भारत रूसी तेल खरीदकर यूक्रेन में रूसी युद्ध के 'प्राथमिक वित्तपोषक' हैं: ट्रंप

**संयुक्त राष्ट्र :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन में रूसी युद्ध के प्राथमिक वित्तपोषक हैं। ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) लगाया है, जिससे अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की आम चर्चा में एक घंटे से अधिक के अपने संबोधन में कहा, चीन और भारत रूसी तेल खरीद कर इस युद्ध को वित्तपोषित करने वाले मुख्य देश हैं। भारत ने अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क को अनुचित बताया है। भारत ने कहा है कि किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह, वह अपने राष्ट्रीय और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा।

### रूस व यूक्रेन ने एक-दूसरे पर ड्रोन, मिसाइल और बम दागे, जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र से मांगी मदद

**िव :** रूस ने दावा किया कि उसने यूक्रेन की तरफ से मॉस्को की ओर आ रहे तीन दर्जन ड्रोन को मार गिराया। वहीं यूक्रेन ने कहा कि रूसी मिसाइलों, ड्रोन और बमबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की संयुक्त राष्ट्र में विश्व नेताओं की मंगलवार को प्रस्तावित बैठक में अपने देश के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की कोशिशों में लगे हुए हैं। तीन वर्षों से अधिक समय से रूस की बड़ी और सुसज्जित सेना से जूझ रही यूक्रेन की सेना के जमीनी मोर्चे पर हालत तनावपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रपति जेलेंस्की इस सप्ताह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने आए विश्व नेताओं से मुलाकात करने वाले हैं। डोनाल्ड ट्रंप के जनवरी में अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद उनके द्वारा रूस-यूक्रेन के बीच शुरू किए गए शांति प्रयास ठप पड़ते हुए नजर आ रहे हैं। जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने सोमवार देर रात न्यूयॉर्क में ट्रंप के विशेष दूत कीथ केलॉग से मुलाकात की।

## वर्ग पहेली नं. 3217

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| 12 | | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | |
| ■ | 15 | 16 | | | ■ | 17 | 18 | | ■ |
| 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | 23 |
| 24 | | | ■ | 25 | | 26 | | ■ | |
| ■ | ■ | 27 | 28 | ■ | 29 | | ■ | 30 | |
| 31 | | | | ■ | ■ | 32 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) खुले आम, 3) गणेश, 6) बहुत चटकीला *(रंग); उथला* का उलटा; जिसकी थाह लेना मुश्किल हो, 7) मेघविद्युत, 8) कदापि, 10) उलटना, 12) औषधि, 13) धोबी, 14) समझौता; सुलह, 15) देश का अधिकृत निवासी, 17) केवट, 20) इक़रार, 22) धूल, 24) अत्यधिक; असीम, 25) तुरंत का पैदा हुआ, 27) रात, 29) अंधकार, 30) मैला, 31) जल आंदोलन; सैनिकी आक्रमण, 32) कृष्ण.

*ऊपर से नीचे:-* 1) सीमारेखा, 2) दिमाग़, 3) घोटाला, 4) शेष रहना, 5) समय, 9) प्रेषित, 11) कंठस्थ करना, 13) तला हुआ खाद्यान्न, 14) मिश्र, 16) गला पकड़कर बाहर निकालना, 18) बीता हुआ, 19) एक तिरस्कार-सूचक संबोधन, 21) भोज का निमंत्रण, 23) कलंकित; लांछित, 26) दूध जमाने हेतु छोड़ी गई खट्टी दही, 28) डींग; वैभव 30) महक.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | रि | वा | र | ■ | रं | ग | दा | री | ■ |
| खा | ■ | र | वा | न | गी | ■ | ग़ | ■ | प |
| व | ■ | दा | ■ | स | न | स | ना | ह | ट |
| ज | ब | त | ब | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | स |
| ■ | ना | ■ | रा | ह | त | ■ | क़ु | रा | न |
| ना | व | ■ | त | र | ब | त | र | ■ | ■ |
| ■ | ट | क | ■ | का | ■ | ल | बा | र | ■ |
| अ | ■ | त | मा | म | ■ | ■ | नी | च | गा |
| ब | गु | ला | ■ | का | र | ण | ■ | न | ल |

## सुडोकू-पहेली-3174

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 1 | | | | |
| | | | 2 | | | | | 3 |
| 6 | | | | | | 1 | | |
| | 5 | | | | | | 2 | |
| | | | | 9 | | | 7 | |
| 2 | | | 7 | | 6 | | 3 | |
| | | | 8 | | | | | 9 |
| 8 | | | 4 | | | 5 | | |
| 3 | 9 | | | | | 8 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3173 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 7 | 4 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 2 | 5 | 3 | 4 |


बारिश का कहर, सड़क पर जलजमाव के कारण डूबे वाहन


यातायात सेवा ठप, जिसको जैसे सूझा वैसे सवार हो कर पहुंचा गंतव्य तक


कमर से भी ऊपर तक जल जमाव, हाथ रिक्शा की मदद से एक जगह से दूसरी जगह जाती वृद्धा


कैमेक स्ट्रीट स्ट्रीट पर घुटनों से भी ऊपर तक पहुंचा पानी

# कोलकाता में जलजमाव के लिए केंद्र जिम्मेदार : ममता

❑ **कहा... 'जलजमाव डीवीसी, बिहार और यूपी के पानी के कारण हुआ'**

❑ **राज्य सरकार पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद करेगी : मुख्यमंत्री**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता व आसपास के इलाकों में बीती रात मूसलाधार बारिश के कारण जमजमाव, जनजीवन ठप पड़ने और विभिन्न स्थानों पर करंट लगने से 10 लोगों की मौत की घटना पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दुख जताते हुए स्थिति को अभूतपूर्व बताया। ममता ने कहा कि केंद्र के अधीन फरक्का बैराज व डीवीसी के डैमों की वर्षों से ड्रेजिंग (ठीक से सफाई) नहीं होने के चलते हर बार जब बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में बारिश होती है, तो वहां का पानी बंगाल आ जाता है, जिससे यहां जलभराव हो जाता है। उन्होंने इस स्थिति के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। ममता ने सवाल किया कि फरक्का बैराज व डीवीसी के डैमों की ड्रेजिंग क्यों नहीं हुई? ममता ने कहा कि बंगाल को अपना जल संभालने की क्षमता है। उन्होंने जोर दिया कि इस स्थिति के लिए बिहार-यूपी से आ रहा जल जिम्मेदार है। ममता ने कहा कि मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। मुझे उन लोगों के लिए बहुत दुख हो रहा है जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। राज्य सरकार भी पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं मेयर, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में हूं। ममता ने मौसम विभाग द्वारा दी गई चेतावनी की ओर इशारा करते हुए कहा कि अभी और बारिश होगी, इसलिए सभी सतर्क रहें। प्रकृति के आगे किसी का नहीं चलता। गंगा नदी में ज्वार आ रहा है। हम पानी कहां से निकालेंगे? यह जलभराव बिहार और यूपी के पानी से हुआ है। केंद्र पर निशाना साधते हुए ममता ने यह भी कहा कि जीएसटी के ज़रिए हमारे पैसे में कटौती की है और हमारा सारा पैसा इन आपदाओं से निपटने में जा रहा है।

❑ **'वर्क फ्रॉम होम की सलाह'**

मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि बहुत जरूरी न हो तो लोग घर से बाहर न निकलें। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि यदि वे ऑफिस नहीं आ पाते हैं तो कोई दिक्कत नहीं होगी। साथ ही, प्राइवेट कंपनियों से भी अपील की कि वे मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कर्मचारियों को छुट्टी दें। ममता ने कहा कि क्या लोग अपनी जान जोखिम में डालकर काम पर जाएंगे? यह मानवीय दृष्टिकोण से ठीक नहीं है।

## भारी बारिश के कारण कॉलेज स्ट्रीट में बाढ़ से करोड़ों रुपये की किताबें बर्बाद


भवानीपुर में जलजमाव की तस्वीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** रात भर हुई भारी बारिश से कोलकाता में भारी तबाही मची है। बारिश के कारण पुस्तक विक्रेता दहशत में हैं। कॉलेज स्ट्रीट की लगभग सभी किताबों की दुकानों में पानी घुस गया है। व्यापारियों का दावा है कि करोड़ों रुपये की किताबें अब पानी में डूब गई हैं। पब्लिशर्स और पुस्तक विक्रेताओं को भारी नुकसान का डर है। मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार की देर रात से मंगलवार सुबह तक 5-6 घंटों में कोलकाता में 251.4 मिमी बारिश हुई। इतनी बारिश से पूरा शहर अचानक पानी में डूब गया। विक्रेताओं के अनुसार, कॉलेज स्ट्रीट की आखिरी बार हालत मई 2020 में चक्रवात अम्फान के बाद खराब हुई थी। इस बार, भले ही, चक्रवात न आया हो, लेकिन बारिश ने कुछ ही घंटों में पुस्तक बाजार की सभी छोटी-बड़ी दुकानों को जलमग्न कर दिया।




## भारी बारिश से ठप हुई कोलकाता एयरपोर्ट की सेवाएँ, 90 से अधिक उड़ानें रद्द, कई विलंबित

**कोलकाता :** कोलकाता में मंगलवार को मूसलाधार बारिश से हवाई यात्रा बुरी तरह प्रभावित हुई और 90 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं वहीं करीब 90 उड़ानों में काफी देरी हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही महानगर में जलभराव के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। एओसीसी (हवाई अड्डा परिचालन नियंत्रण केंद्र) बुलेटिन में कहा गया है कि सोमवार मध्यरात्रि से मंगलवार शाम साढ़े सात बजे के बीच खराब मौसम के कारण 42 आने वाली और 49 जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी गईं। बुलेटिन में कहा गया है कि इसके अलावा आने वाली 33 और प्रस्थान करने वाली 62 उड़ानों में देरी हुईं जबकि कम से कम एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि



भारी बारिश के कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है जिनमें से नौ की मौत बिजली का करंट लगने से हुई। कोलकाता नगर निगम सूत्रों ने बताया कि शहर के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं जहां गरिया में कुछ ही घंटों में 332 मिलीमीटर और जोधपुर पार्क में 285 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटे में पश्चिम बंगाल के दक्षिणी और पूर्वी जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। विभाग ने इस बारिश का कारण बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पूर्व में बन रहे निम्न दबाव के क्षेत्र को बताया है।


सी.आर. एवेन्यू : जलजमाव के कारण कई वाहन हुए खराब

## कोलकाता में करंट लगने से मौत पर मुआवज़े की मांग, हाई कोर्ट में याचिका

**कोलकाता :** हालिया प्राकृतिक आपदा के दौरान कोलकाता में करंट लगने से 6 से 7 लोगों की मौत के मामले में प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाकर दो संगठनों ने हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है। सेव डेमोक्रेसी और ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन (हाईकोर्ट शाखा) की ओर से कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी भेजी गई है। इस चिट्ठी को मामले के दस्तावेज़ के रूप में दर्ज करने और इसे जनहित याचिका मानने का आग्रह किया गया है। चिट्ठी में हाईकोर्ट से मृतकों के परिजनों को मुआवज़ा देने का आदेश जारी करने की भी अपील की गई है। संगठनों का तर्क है कि अतीत में भी इसी तरह की घटनाओं में खुले बिजली के तारों



के संपर्क में आने से लोगों की मौत हुई थी। इसके बावजूद बिजली वितरण कंपनी, नगर निगम, पुलिस और प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। अबकी बार एक साथ कई लोगों की मौत इस बात का सबूत है कि सुरक्षा के मामले में गंभीर लापरवाही बरती गई। संगठनों का कहना है कि हाईकोर्ट को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## कोलकाता में भारी बारिश से जनजीवन ठप, मेट्रो, ट्रेन सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में रात भर भारी बारिश के कारण जनजीवन लगभग ठप हो गया है। भारी बारिश के कारण कई इलाके जलमग्न हो गए, जिससे यातायात, सार्वजनिक परिवहन और दैनिक गतिविधियां ठप हो गयीं। अधिकारियों ने बताया कि पटरियों पर जलभराव के कारण शहर और उपनगरों में ट्रेन और मेट्रो रेल सेवाएं बाधित हुईं। आधी रात के बाद शुरू हुई बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो गईं और शहर में कई घरों और आवासीय परिसरों में पानी घुस गया। ब्लू लाइन (दक्षिणेश्वर-शहीद खुदीराम) के मध्य भाग में विशेष रूप से महानायक उत्तम कुमार और रवींद्र सरोबर स्टेशनों के बीच भारी जलभराव की सूचना मिली है, जिसके कारण इस खंड पर सेवाओं को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। मेट्रो रेलवे कोलकाता के एक प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहीद




खुदीराम और मैदान स्टेशनों के बीच सुबह से ही सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिणेश्वर और मैदान स्टेशनों के बीच संक्षिप्त रूप से सेवाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सामान्य सेवाएं बहाल होने की उम्मीद है। पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि पटरियों पर पानी भर जाने के कारण सियालदह दक्षिण खंड में ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है, जबकि सियालदह उत्तर और मुख्य खंड में अस्थाई सेवाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि भारी बारिश के कारण पटरियों पर पानी भर जाने से पूर्वी रेलवे के हावड़ा और कोलकाता टर्मिनल स्टेशनों के लिए ट्रेन सेवाएं आंशिक रूप से प्रभावित हुई हैं। उन्होंने बताया कि चितपुर यार्ड में जलभराव के कारण सर्कुलर रेलवे लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही भी रोक दी गई है।

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, S Saraswathi mother of No. 15717838X, Rank-L/NK, Name: Suvvari Ramachndra Rao resident House No. 3-219, Vill- Chinaraopalle Mandal- Etcherla, Dist.- Srikakulam Andhra Pradesh, Pin- 532410. do Here by declare That my name and D.O.B had been recorded wrongly. I have changed my name from S Saraswathi and D.O.B- 08.07.1972 to Suvvari Saraswathi and D.O.B- 01.01.1970 by Vide affidavit before the Notary Public Tandra Sreenivasa Rao Govt of A.P at Srikakulam dated 15.09.2025

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Suvvari Amminaidu father of No.15717838X, Rank-L/NK, Name: Suvvari Ramachndra Rao resident House No. 3-219, Vill.- Chinaraopalle Mandal- Etcherla, Dist.- Srikakulam Andhra Pradesh, Pin- 532410. do Here by declare That my name and D.O.B had been recorded wrongly. I have changed my name from Suvvari Amminaidu and D.O.B- 10.05.1969 to Suvvari Ammi Naidu and D.O.B- 01.01.1959 by Vide affidavit before the Notary Public Tandra Sreenivasa Rao Govt of A.P at Srikakulam dated 15.09.2025

**नाम परिबोर्तन**

मैं, पापिया मिस्त्री, पति/पत्नी, क्रमांक-18017321H, पद-एसपीआर, नाम- राजीब दास, ग्राम- सालार दक्षिणमहाजन पारा, डाकघर- सालार, जिला- मुर्शिदाबाद, राज्य- पश्चिम बंगाल, पिन-742401, ने भविष्य के सभी प्रयोजनों के लिए अपना नाम पापिया मिस्त्री से पापिया दास में परिवर्तित कर लियाहै। शपथ पत्र संख्या- 12AC100568, शपथ पत्र दिनांक- 16/06/2025 कांडी स्थितप्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मुर्शिदाबाद की अदालत के समक्ष।

**PWD (GOVT. OF WB) TENDER NOTICE**

e-Tender of NIT No 14 of 2025-26 by the of E.E./Diamond Harbour Highway Division.

EE, Diamond Harbour Hwy Div, Dakshin Hazipur, Diamond Harbour-743331 invites on line percentage rate e-tender whose ID No. 2025_SH_908122_1 to 12. The details can be obtained from the website https://wbtenders.gov.in & office notice board. Corrigendum or Addendum if issued will be published only on website previously mentioned. Documents down load end date (online) & Bid submission end date (online) will be 03.11.2025 upto 12.00 Hrs.

Sd/- EE,
Diamond Harbour Highway Division
P.W.(Roads) Directorate, Govt. of WB

**OFFICE OF THE BLOCK DEVELOPMENT OFFICER**
**PURULIA-II DEVELOPMENT BLOCK**
Vill. Bongabari, P.O. : V-Nagar, Dist. : Purulia (W.B.) ;
Mobile No. 8373068635, E-mail ID : bdoeopurulia2@gmail.com

e-Tender is being invited by the Block Development Officer, Purulia-II of Village : Bongabari, Post : V. Nagar, Dist : Purulia, for the developmental works under Purulia-II Development Block vide **eTender Notice (eNIT) No.: WBPUR/BDO/P-II/NIT(e)-10/2025-26.** For more details requisting to the follow the Office Notice Board, www.wbtenders.gov.in or www.purulia.gov.in may contact General Section of the undersigned on office day & time.

Sd/-
Block Development Officer
Purulia-II Development Block

**विज्ञापन अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना, खड़गपुर मंडल**

**ई-नीलामी सूचना सं: एडीवीटी-केजीपी-2025-09** **दिनांक: 22.09.2025**

भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, खड़गपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे, निम्नलिखित के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: (i) मौरीग्राम, कोलाघाट, देउलती, मदपुर, बालिचक, आमता, आबादा, हल्दिया, काठी, टिकियापाड़ा, गिरी मैदान, श्यामचक, रामराजतला, कुलगछिया, राधामोहनपुर, हिजली, चेंगाई, भोगपुर, मेचेदा, फुलेश्वर और सांतरागाछी-कोना-एक्सप्रेस-वे रेलवे क्षेत्र में होर्डिंग्स/बोर्ड के माध्यम से बाहरी क्षेत्र (यानी प्लेटफार्म की बाड़ के बाहर, प्लेटफार्म के बाहर आदि) में वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करना। (ii) सांतरागाछी स्टेशन के बुकिंग कार्यालय के पास दक्षिण दिशा में स्थित सर्कुलेटिंग एरिया में एक वीडियो वॉल/डिजिटल स्क्रीन लगाकर, उसे संचालित करके और उसका रखरखाव करके वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करना। (iii) आबादा, बेलदा, नलपुर, मदपुर, कोलाघाट, फुलेश्वर, श्यामचक और हल्दिया स्टेशनों के अंदरूनी क्षेत्र में बोर्ड, ग्लोसाइन, कियोस्क आदि के रूप में (गैर-डिजिटल) वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करना। (iv) खड़गपुर मंडल पर चलने वाले चार ईएमयू रेक की बाहरी सतह (खिड़कियों और रेलवे के अनिवार्य चिह्नों को छोड़कर) पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करना। (v) ट्रेन संख्या 12837/12838 (हावड़ा-पुरी एक्सप्रेस) की एसी 3 टियर और स्लीपर कोच के अंदरूनी खांचों में आरडीएसओ विनिर्देशों के अनुसार विनाइल स्टिकर लगाकर वाणिज्यिक विज्ञापन प्रदर्शित करना। **नीलामी की तिथि:** 13.10.2025 को 10.30 बजे से 16:40 बजे तक; **नीलामी सूची संख्या: एडीवीटी-केजीपी-25-09** जिसे **https://www.ireps.gov.in/** वेबसाइट पर अधिसूचित किया गया है। इच्छुक पक्ष और ठेकेदार इस पर ध्यान दें और ई-नीलामी सूचना के विवरण और संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। किसी भी पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया नीचे दिए गए कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-653) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/खड़गपुर**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/58, दिनांक: 22.09.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

**(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : **(1) 21251441,** एकत्रित अवस्था में बैक प्लेट और पैकिंग पीस के साथ डोरवे क्रॉस बार प्रेसिंग आदि, रु. 1,94,770/- **निविदा खुलने की तिथि:** 08.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(2) 08251529,** मेन एवं अर्थ कनेक्शन केबलों का सेट, रु.1,31,850/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(3) 20252196,** एक्सल बेयरिंग (प्लेन स्लीव बेयरिंग), रु. 5,30,530/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 23.10.2025, **समय** : 13.30 बजे,**(4) 20251017ए,** ए/बॉक्स गाइड के लिए हेलिकल स्प्रिंग, रु.1,54,280/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(5) 06251284ए,** प्रथम एसी कोचों के लिए अग्निरोधी कर्टेन फैब्रिक क्लॉथ का क्रय आदि, रु.1,39,050/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 06.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(6) 20251924ए,** ए/बॉक्स गाइड के लिए हेलिकल स्प्रिंग, रु. 3,60,060/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(7) 11251657,** एक्सल बॉक्स हाउसिंग फिनिश मशीन्ड आदि का क्रय, रु.5,38,480 /-, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.10.2025, **समय** : 13.30 बजे,**(8) 01251428,** 'वी' बेल्ट आदि के मैच्ड सेट का क्रय, रु.1,17,130/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 08.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(9) 16251007,** 42 केवी, 10 केए, मेटल ऑक्साइड गैपलेस टाइप लाइटनिंग अरेस्टर, रु. 1,48,420/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(10) 15245096बी,** मैग्नेटिक पार्टिकल इंस्पेक्शन इक्विपमेंट, रु. 1,91,160/- **(11) 22251255ए,** इंज. ह्यूमन एल्ब्यूमिन 20%, 100 मिली., रु.1,01,760/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.10.2025, **समय** : 13.30 बजे [क्रम सं. 10 और 11 हेतु]. **(12) 04255014,** संलग्न अनेक्सर-ए के अनुसार 25 टन (यूनिवर्सल) जमालपुर जैक के मेटलिक किट बॉक्स (6 आइटमों से संलग्न 1 किट) के साथ 25 टन (यूनिवर्सल) जमालपुर जैक के इलेक्ट्रिकल आइटमों की आपूर्ति, फिटमेंट, परीक्षण एवं आरंभ करना और स्पेयर्स की आपूर्ति, रु. 15,87,270/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 09.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(13) 08251484,** 1100 एएच वीआरएलए बैटरी के लिए बैटरी बॉक्स कम्प्लीट, रु. 2,40,980/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(14) 20252138,** ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू मोटर कोच, सीजीएल, प्रस्तुतकारक एचएचपी टीआर. मोटर, टाइप-सी1005 पीई बेयरिंग एंड शील्ड एवं स्पेयर्स, 11 आइटमों के संलग्न, रु.1,73,060/-, **(15) 20252144,** ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू मोटर कोच, सीजीएल, प्रस्तुतकारक एचएचपी टीआर. मोटर, टाइप-सी1005, रु.1,20,250/- **निविदा खुलने की तिथि:** 09.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, [क्रम सं. 14 और 15 हेतु], **(16) 21251059,** मार्क-50 के लिए पीओएच किट नं. 1 आदि, रु. 5,20,500/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(17) 20251123,** ईएमयू कोचों का सीट कम बैक रेस्ट प्रेसिंग, रु. 3,79,530/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(18) 21251128,** कंट्रोल रिजर्वायर के साथ पाइप ब्रैकेट आदि, रु.3,69,670/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(19) 16251159,** पोर्सिलेन ब्रैकेट इंसुलेटर, रु.1,40,410/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(20) 11251007,** लोअर स्प्रिंग बीम का क्रय आदि, रु. 4,64,150/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 13.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(21) 21251333,** आरएफ-361 हाई कैपासिटी ड्राफ्ट का किट नं. 1 आदि, रु. 2,11,190/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 20.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(22) 08251071,** 2.5 केवीए, 110 वी डीसी/230 वी एसी नैचुरल कूल्ड अंडरस्लंग इंवर्टर, रु.1,22,540/-. **(23) 19255039ए,** आईपी आधारित वीडियो सर्विलेंस सिस्टम का क्रय आदि, रु.10,96,830/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.10.2025, **समय** : 13.30 बजे [क्रम सं.22 और 23 हेतु], **(24) 20255024ए,** आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025, वर्शन 3.1 या नवीनतम के अनुसार पूर्व रेलवे के ईएमयू, एमईएमयू और डीईएमयू में आईपी आधारित वीडियो सर्विलेंस सिस्टम (वीएसएस) की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं आरंभ करना, रु. 50,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(25) 12254007,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-3706 के तहत एचवीएन इंसुलेटिंग लाइनर 66 के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट, रु.20,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:**22.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(26) 22255229बी,** इंज. पेम्ब्रोलिजुमैब 100 मिग्रा., आइटम कोड एम261946, एआई 25-26, रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.10.2025, **समय** : 13.30 बजे, **(27) 22251625,** टैब/कैप रुक्सोलिटिनिब 20 मिग्रा., (आइटम कोड एम251024) एआई 25-26, रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.11.2025, **समय** : 13.30 बजे, **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 27 हेतु]।

**(ख) क्रम सं.1, निविदा सं. : 52256224ए, संक्षिप्त विवरण:** पोर्टेबल लेजर स्प्रेक्टोमीटर, **निविदा की अंतिम तिथि** : 21.10.2025, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.**58,52,804/-**

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-36/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कोलकाता में जलजमाव को लेकर शुभेंदु अधिकारी का ममता सरकार पर हमला, कहा...

# 'बारिश नहीं, यह नेतृत्व की विफलता'



**कोलकाता/पूर्व मेदिनीपुर :** राज्य में भारी बारिश और जलजमाव के हालात को लेकर राज्य के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि सरकार की पूरी तरह से विफल तैयारी और लापरवाही का नतीजा है। शुभेंदु अधिकारी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि एक बार फिर राज्य की जनता ममता बनर्जी की नाकाम सरकार की वजह से पीड़ित हो रही है। शर्मनाक बात यह है कि ममता बनर्जी इसे 'अचानक हुई बारिश' बता रही हैं, जो सीधे तौर पर उनकी नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि आईएमडी ने पहले ही गंगा बेल्ट वाले पश्चिम बंगाल क्षेत्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था, जिसमें बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद सरकार ने कोई तैयारी नहीं की। उन्होंने कहा कि आईएमडी की चेतावनी सार्वजनिक थी, लेकिन ममता बनर्जी, फिरहाद हकीम और बिजली मंत्री अरूप बिस्वास कुछ नहीं कर सके। नतीजा ये हुआ कि लोग बाढ़ में डूबे, करंट लगने से जानें गईं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। उन्होंने इसे 'ईश्वर की मर्जी' कहकर टालने की कोशिश को गलत बताया और कहा कि यह पूरी तरह से 'नेतृत्व की विफलता' है। शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी के उस बयान पर भी सवाल उठाया जिसमें उन्होंने जलजमाव का कारण बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश से आए पानी को बताया था। इस पर, उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह कहना कि पानी बाहर के राज्यों से आया है या फरक्का एवं डीवीसी द्वारा ठीक से ड्रेजिंग नहीं हुई, एक बेहद कमजोर और बेतुका बहाना है। कोलकाता की हालत का इन बातों से कोई लेना-देना नहीं है। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि ममता सरकार अपनी नाकामी को छिपाने के लिए सीईएससी (कलकत्ता इलेक्ट्रिक सप्लाई कॉर्पोरेशन) को दोषी ठहरा रही है, जबकि असल जिम्मेदारी राज्य सरकार की थी। उन्होंने कहा कि न तो पहले से कोई चेतावनी दी गई, न कोई राहत की व्यवस्था की गई। शुभेंदु अधिकारी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट के अंत में ममता बनर्जी से दो अहम सवाल पूछे। उन्होंने पूछा जब आईएमडी ने पहले से चेतावनी दी थी, तो उसे क्यों नजरअंदाज किया गया? स्पष्ट मौसम पूर्वानुमान के बावजूद आपदा प्रबंधन की तैयारी क्यों नहीं की गई? उन्होंने कहा कि राज्य की जनता इससे बेहतर सरकार की हकदार है।

## कोलकाता में मां-बेटे का शव बरामद, बंद फ्लैट से निकल रही थी दुर्गंध



**कोलकाता :** मंगलवार दोपहर बांसद्रोणी थाने की पुलिस ने एक फ्लैट से मां-बेटे के सड़ी-गली हालत में शव बरामद किए। घटना नॉर्दर्न पार्क स्थित बी-3/26 नंबर फ्लैट की है। मृतकों की पहचान शीला दासगुप्ता (69) और उनके बेटे सुतिर्थ दासगुप्ता (38) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस को कुनाल दास नामक एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उनके रिश्तेदार शीला दासगुप्ता के फ्लैट का दरवाज़ा अंदर से बंद है और वहां से बदबू आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और दरवाज़ा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। अंदर पहुंचने पर दोनों के शव बेडरूम में बिस्तर पर पड़े मिले, जो काफी हद तक सड़ चुके थे। पुलिस जांच में पाया गया कि फ्लैट में कोई दूसरा प्रवेश या निकास का रास्ता नहीं था। प्राथमिक जांच से सामने आया कि मृतक परिवार ओडिशा के पुरी जिले से ताल्लुक रखता है। मृतक शीला दासगुप्ता के पति पुरी के एक कॉलेज में प्रोफेसर थे, जिनका वहीं निधन हो चुका है। इसके बाद परिवार ने पुरी के सरदा देवी रोड स्थित अपना मकान बेच दिया और करीब डेढ़ साल पहले कोलकाता आकर इस फ्लैट में रहने लगे। पड़ताल में यह भी सामने आया कि बेटा सुतिर्थ दासगुप्ता मनोवैज्ञानिक समस्या और हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित था। वहीं, मां शीला दासगुप्ता की कुछ समय पहले भुवनेश्वर में ब्रेन सर्जरी हुई थी। दोनों का इलाज धाकुरिया में चल रहा था। पुलिस को मौके से अल्प्रोक्स (0.5 एमजी) की कई खाली स्ट्रिप्स भी मिली हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि दवा के अत्यधिक सेवन से दोनों की मौत हुई हो सकती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक मां-बेटे को 3-4 दिन पहले आखिरी बार देखा गया था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोटक लाइफ ने लॉन्च किया 'कोटक एज'

**कोलकाता :** कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने 25 साल पूरे होने पर एक नया प्लान कोटक एज (अर्ली डिफाइंड गारंटीड अर्निंग्स) लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ऐसा इंश्योरेंस प्लान है जो आज के ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। प्रमुख विशेषताएं: पॉलिसी शुरू होने के 7 दिन के अंदर एनुअल प्रीमियम का 50% तक कैशबैक,13वें महीने से इनकम शुरू, 40 साल तक जारी, पूरी पॉलिसी अवधि तक सुरक्षा, आपकी सेहत और भलाई का ध्यान रखने वाली सुविधाएं शामिल हैं। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश बालासुब्रमण्यन ने कहा कि, हमारी 25 साल की यात्रा हमेशा इस सोच से जुड़ी रही है कि ग्राहकों के जीवन में बदलाव आता रहता है, इसलिए वित्तीय समाधान भी बदलने चाहिए।

## पूर्व रेलवे आरपीएफ की कार्रवाई, यात्रियों के चोरी हुए मोबाइल और नकदी किए बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे मिशन यात्री सुरक्षा अभियान के तहत आरपीएफ ने बड़ी सफलता हासिल की है। 22 सितंबर को सियालदह और मालदह मंडल की आरपीएफ टीमों ने कार्रवाई करते हुए राणाघाट और भागलपुर रेलवे स्टेशनों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो यात्रियों के सामान चोरी की घटनाओं में शामिल थे। ऑपरेशन के दौरान आरपीएफ ने 9 चोरी हुए मोबाइल फोन और 21,120 नकद बरामद किया। जब्त सामान की कुल कीमत लगभग 1.40 लाख आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों और बरामद वस्तुओं को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु संबंधित जीआरपी/स्थानीय पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। इस अभियान की सफलता पूर्व रेलवे की यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## बैरकपुर में 206 किलो अवैध पटाखे जब्त, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत शिवदासपुर थाने की पुलिस ने सोमवार की रात अवैध पटाखों के भंडारण के खिलाफ देवक इलाके में दो स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट ने मंगलवार को जारी बयान ने बताया कि पहली कार्रवाई में पुलिस ने इबादत पयादा नामक शख्स के घर से लगभग 120 किलो प्रतिबंधित पटाखे बरामद किए और उसे गिरफ्तार कर लिया। दूसरी छापेमारी देवक के मजदूरपाड़ा इलाके में की गई, जहां अब्दुल शराक के किराना दुकान से 86 किलो प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए गए। दोनों छापेमारियों में कुल 206 किलो अवैध पटाखे बरामद किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत दो मामले दर्ज किए हैं और जांच शुरू कर दी है।

## स्पेशल चाइल्ड शिक्षकों की भर्ती में प्रशिक्षणरत अभ्यर्थियों को अनुमति नहीं, मामला हाईकोर्ट में

**कोलकाता, समाज्ञा**

स्पेशल चाइल्ड के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर विवाद ने कानूनी रूप ले लिया है। विशेष शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 24 सितंबर तय है। लेकिन इसमें प्रशिक्षणरत स्पेशल एजुकेटर्स को आवेदन की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस विषय पर अभ्यर्थियों ने कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है।

सोमवार को मामले की सुनवाई के लिए अभ्यर्थियों की ओर से न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की पीठ के समक्ष शीघ्र सुनवाई की मांग की गई। संभावना है कि इस मामले की सुनवाई मंगलवार को हो सकती है।

अभ्यर्थियों का तर्क है कि शिक्षा का अधिकार कानून और एनसीटीई नियमों के अनुसार हर विद्यालय में स्पेशल चाइल्ड प्रशिक्षित शिक्षक होना अनिवार्य है। ऐसे में, जो उम्मीदवार अभी प्रशिक्षणरत हैं और परीक्षा पास नहीं कर पाए हैं, उन्हें भी आवेदन की अनुमति मिलनी चाहिए।

लेकिन एसएससी (स्कूल सर्विस कमीशन) ने इस बार के आवेदन फॉर्म में स्पष्ट किया है कि केवल वही उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। इससे नाराज़ प्रशिक्षणरत उम्मीदवारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

अब नज़र रहेगी अदालत के फैसले पर, जो तय करेगा कि क्या प्रशिक्षणरत उम्मीदवार भी इस परीक्षा में बैठ सकेंगे या नहीं।

## सियालदह मंडल ने यात्रियों और कर्मचारियों के साथ स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान 2025 के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। जिनका उद्देश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और सिंगल-यूज प्लास्टिक के उन्मूलन को बढ़ावा देना था। कोलकाता टर्मिनल और नैहाटी जंक्शन पर पुनर्नवीनीकरण उत्पादों की बिक्री का आयोजन किया गया, जिसमें कपड़े की थैलियां, कागज के उत्पाद और अन्य पर्यावरण-अनुकूल वस्तुएं प्रदर्शित की गईं। इस पहल में रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और यात्रियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान भी आयोजित किए गए, जिनमें उचित कचरा निस्तारण और सतत व्यवहारिक अभ्यासों पर जोर दिया गया। इन पहलों को यात्रियों और कर्मचारियों से उत्साही प्रतिक्रिया मिली, जो सियालदह मंडल की एसएचएस 2025 अभियान को सफल बनाने और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 22 सितंबर को अपने सभी मंडलों और वर्कशॉप्स में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। सियालदह मंडल में कोईलाघाट हेल्थ यूनिट में डॉ. संगमित्रा चट्टोपाध्याय के नेतृत्व में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें एनीमिया जांच, स्तन परीक्षण, पैप स्मीयर, बीपी और शुगर जांच, प्रसव पूर्व जांच, पोषण जागरूकता और मासिक धर्म स्वच्छता पर इंटरैक्टिव सत्र शामिल थे। बारासात हेल्थ यूनिट और बी.आर. सिंह अस्पताल में भी समान कार्यक्रम आयोजित किए गए। आसनसोल मंडल में आरपीएसएफ/16बीएन और बराकर हेल्थ यूनिट में स्वास्थ्य वार्ता और चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य, गर्भाशय ग्रीवा और स्तन कैंसर, मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण पर जानकारी दी गई, साथ ही बीएमआई, ईसीजी, बीपी और आरबीएस जैसी जांचें की गईं। मालदह, कांचरापाड़ा, लिलुआ और जमालपुर वर्कशॉप्स में भी स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 341 कर्मचारियों और लाभार्थियों ने भाग लिया।

## भारी बारिश और जलजमाव के कारण कोलकाता विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं स्थगित




**कोलकाता :** मंगलवार सुबह कोलकाता विश्वविद्यालय ने तत्काल प्रभाव से आज की सभी परीक्षाएं स्थगित करने का निर्णय लिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि लगातार बारिश, जलजमाव और यातायात व्यवस्था ठप होने के कारण परीक्षाएं आयोजित करना संभव नहीं था। भारी वर्षा के चलते शहर का सामान्य जीवन लगभग थम सा गया है। सड़कों पर जलभराव और परिवहन व्यवस्था बाधित होने से छात्रों का परीक्षा केंद्र तक पहुँचना कठिन हो गया। इसी कारण विश्वविद्यालय को यह निर्णय लेना पड़ा। केवल विश्वविद्यालय ही नहीं, बल्कि कई निजी स्कूलों ने भी आज की कक्षाएं और परीक्षाएं रद्द या स्थगित कर दी हैं। कई स्कूलों ने अभिभावकों को सूचित किया है कि यदि ज़रूरी न हो तो छात्रों को विद्यालय न भेजें। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि आज उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि स्थगित परीक्षाओं की नई तिथियों की घोषणा जल्द की जाएगी। फिलहाल छात्रों को आधिकारिक अधिसूचना का इंतज़ार करने की सलाह दी गई है।

## आस्था से महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह सम्पन्न



**कोलकाता :** महाराजा अग्रसेन दर्शन समिति की ओर से अग्रसेन जयंती के अवसर पर कलाकार स्ट्रीट - मालापाड़ा मोड़ स्थित अग्रसेन चौक पर अग्रसेन जी की पूजा - अर्चना, आरती एवं पुष्पांजलि के आयोजन में सैकड़ों अग्र बन्धु शामिल हुए। संदीप गर्ग, दर्शना गर्ग ने बताया अखिल भारतीय अग्रवाल महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, मोहन केडिया, प्रभुदयाल केशान, सुनील गुप्ता, विजय सांगानेरिया, पवन केडिया, श्याम सुन्दर नेवटिया, सुशील केडिया, राजीव जैन, सचिन केडिया, सुनील अग्रवाल, अविनाश गुप्ता, विनय पाण्डेय, गणेश सिंह सहित अग्रवाल बन्धु जयंती समारोह में शामिल हुए। मनीषिका के सचिव अमित केडिया के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

महिला समिति की अनिता अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, ममता जैन, प्रणिता धोना, अलका खरकिया, अर्चना गोयल, शर्मिला सरावगी, सरोज अग्रवाल, सुनीता लडिया, निशा लडिया, शशि गुप्ता, बबीता गिनोडीया, करुणा गुप्ता, श्वेता टिबरेवाल, मीतू कानोड़िया, सरोज चिड़ीमार, निधि सरावगी, पिंकी, बबली, स्वाति, निशा अग्रवाल ने आयोजन की सफलता में सक्रिय योगदान दिया। पुष्करलाल केडिया स्काउट ग्रुप के बच्चों ने बैंड के साथ सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

## 'एयू हार्ट टू कार्ट' शॉपिंग फेस्टिवल के साथ मनाइए त्योहारों का जश्न

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज अपने महीनेभर चलने वाले त्योहारों के अभियान 'एयू हार्ट टू कार्ट' की शुरुआत की। यह अभियान ग्राहकों की हर फेस्टिव विशलिस्ट को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें एक्सक्लूसिव डिस्काउंट्स, गिफ्ट वाउचर, अश्योर्ड रिवॉर्ड्स और क्रेडिट व डेबिट कार्ड्स पर मर्चेंट ईएमआई विकल्प उपलब्ध हैं। ग्राहकों को इस फेस्टिव सीजन (नवरात्रि से दिवाली तक) इलेक्ट्रॉनिक्स, ट्रैवल, शॉपिंग, डाइनिंग, एंटरटेनमेंट और अन्य श्रेणियों में 1 लाख से अधिक की बचत का लाभ मिलेगा। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर एवं डिप्टी सीईओ उत्तम तिबरेवाल ने कहा, 'एयू हार्ट टू कार्ट' लॉन्च करते हुए हम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और सरकार को 'जीएसटी बचत उत्सव' पहल के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं, जिसके कारण हाल ही में जीएसटी में कटौती हुई है।

## कृत्रिम अंग शिविर में 50 जरूरतमंदों को मिली नई जिंदगी




**कोलकाता, समाज्ञा :** महावीर सेवा सदन के एमएसएस रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर ने अपने पैलान परिसर में कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 50 लाभार्थियों को मुफ्त प्रोस्थेटिक अंग (कृत्रिम पैर/हाथ) प्रदान किए गए। शिविर का आयोजन सामाजिक सहयोग की भावना के तहत किया गया था, जिसमें ऑस्कर इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड और छात्र समूह केलिडोस्कोप ने सहयोग किया। इस शिविर का उद्घाटन परिवहन राज्य मंत्री दिलीप मंडल ने किया। ऑस्कर इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक वीर प्रकाश जैन ने बताया कि कंपनी की स्थापना 1988 से ही मेक इन इंडिया की दिशा में नवाचार और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुई है। कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के अंतर्गत ऐसे शिविरों के माध्यम से ज़रूरतमंदों को नई जिंदगी देने का प्रयास लगातार जारी है। इस पहल ने न केवल लाभार्थियों के जीवन में नई उम्मीद जगाई, बल्कि समाज में सहानुभूति और सहयोग की मिसाल भी पेश की।

## कैनिंग में युवक की हत्या मामले में दंपति गिरफ्तार, 24 घंटे में पुलिस ने सुलझाया मामला

### विवाहेत्तर संबंध के कारण पति ने की युवक की हत्या, पत्नी ने फोन कर प्रेमी को बुलाया था



**कोलकाता, समाज्ञा :** महालया के दिन दक्षिण 24 परगना के कैनिंग थाना अंतर्गत मेछोभेड़ी इलाके से एक युवक का रक्तरंजित शव बरामद किया गया था। शमीम पैलान (26) नामक युवक की कथित तौर पर हत्या कर दी गई थी। कैनिंग थाने की पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया। घटना में एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के नाम सौमेन सरदार और उसकी पत्नी देवी सरदार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शमीम पैलान का शव रविवार की सुबह कैनिंग के बैतरणी इलाके के मेछोभेड़ी से बरामद किया गया। मृतक का घर उस्थी थाना अंतर्गत संग्रामपुर इलाके में है। शुरुआत में, पता चला कि शमीम का करीब छह महीने पहले देवी सरदार के साथ विवाहेतर संबंध था। पति को उस संबंध के बारे में पता चल गया था। संभावना है कि उसके बाद ही हत्या की योजना बनाई गई थी। बताया गया है कि शमीम को उसकी पत्नी ने मछली बाजार बुलाया था। प्रेमिका का फोन आने के बाद शमीम को कुछ शक नहीं हुआ। वहां पहुंचते ही युवक पर हमला कर दिया गया। बताया गया है कि धारदार हथियार से उसकी अंधाधुंध पिटाई की गई। लहूलुहान हालत में भी शमीम ने भागने की कोशिश की। फिर, यह आरोप लगाया जाता है कि सौमेन सरदार ने उसकी मौत सुनिश्चित करने के लिए उसका गला घोंट दिया। घटना के बाद पति-पत्नी ने अपने शवों को ढक लिया। कैनिंग थाने की पुलिस ने मोबाइल फोन की जानकारी के आधार पर आखिरकार उन्हें कैनिंग इलाके से गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार लोगों को मंगलवार को अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया।

## अपने दिन की सही शुरुआत करें: कैलिफोर्निया बादाम के साथ वर्ल्ड हार्ट डे मनाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे की थीम धड़कन न छूटे हृदय रोगों (सीवीडी) के बढ़ते खतरे की ओर संकेत करती है। द लैंसेट की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीयों में हृदय रोग अन्य देशों की तुलना में लगभग 10 वर्ष पहले दिखने लगते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में दिल के दौरे के दौरान अधिक जोखिम झेलती हैं, वहीं युवाओं में भी यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। कैलिफोर्निया बादाम, जिनमें मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स, विटामिन ई और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, कोलेस्ट्रॉल और सूजन को नियंत्रित कर दिल की सेहत को बेहतर बनाते हैं। मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रीजनल हेड-डाइयटेटिक्स, ऋतिका समद्दार ने कहा, भागदौड़ भरी दिनचर्या और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के खतरे को देखते हुए इस वर्ल्ड हार्ट डे पर, रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करना संतुलित आहार और मजबूत हृदय की ओर एक स्मार्ट और प्रभावशाली कदम है।

## वी-जॉन ने रणबीर कपूर संग लॉन्च किया नया कैंपेन - फोटोकॉपी नहीं, ओरिजिनल दिखो

**कोलकाता, समाज्ञा :** छह दशकों से ग्रूमिंग में अग्रणी भारत का नंबर 1 शेविंग क्रीम ब्रांड वी-जॉन ने अपने ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नया कैंपेन लॉन्च किया है। इसका संदेश है - फोटोकॉपी नहीं, ओरिजिनल दिखो, जो युवाओं को अपनी मौलिकता और व्यक्तित्व अपनाने के लिए प्रेरित करता है। रणबीर कपूर ने कहा, आज की पीढ़ी सबसे अलग दिखना चाहती है। ग्रूमिंग इसमें अहम भूमिका निभाता है। वी-जॉन का यह संदेश युवाओं को अपनी असली पहचान अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यह कैंपेन हवस क्रिएटिव द्वारा तैयार किया गया है और टीवी, डिजिटल व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलाया जाएगा। वी-जॉन ग्रुप के एमडी हर्षित कोचर ने कहा, हम व्यक्तित्व और प्रासंगिकता का जश्न मना रहे हैं। वहीं जीएम मार्केटिंग आशुतोष चौधरी ने इसे ब्रांड ट्रांसफॉर्मेशन की अहम कड़ी बताया।

## हावड़ा मंडल में स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत चवाया गया कबाड़ निस्तारण अभियान




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को विशेष कबाड़ निस्तारण अभियान चलाया। यह गतिविधि डानकुनी, रामपुरहाट, कटवा, आजीमगंज, बंडेल, वर्दवान और बोलपुर स्टेशनों पर आयोजित की गई। अभियान के दौरान लंबे समय से पड़ी अनुपयोगी सामग्री और बेकार सामान को व्यवस्थित रूप से हटाया गया। इस पहल से रेलवे परिसरों में स्वच्छता और व्यवस्था सुनिश्चित होने के साथ-साथ सुरक्षा और परिचालन क्षमता में भी सुधार हुआ। रेलवे कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए कबाड़ की पहचान, वर्गीकरण और निस्तारण का कार्य किया। इस प्रक्रिया को पर्यावरण अनुकूल तरीके से पूरा किया गया, जो भारतीय रेल की स्थायित्व संबंधी नीतियों के अनुरूप है।

## सप्तमी, अष्टमी और नवमी पर ब्लू और ग्रीन लाइन में रात भर चलेंगी मेट्रो

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो यात्रियों और पंडाल प्रेमियों के लिए खुशखबरी लेकर आ रही है। दुर्गा पूजा के अवसर पर कोलकाता मेट्रो रेलवे ने विशेष सेवाओं की योजना बनाई है। इस दौरान ब्लू लाइन, ग्रीन लाइन, पर्पल लाइन और येलो लाइन में अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं संचालित होंगी। ब्लू लाइन में पंचमी (27 सितंबर) को सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक कुल 262 सेवाएं उपलब्ध होंगी, जबकि षष्ठी (28 सितंबर) को सुबह 9 बजे से रात 11 बजे तक 246 सेवाएं चलेंगी। सप्तमी, अष्टमी और नवमी (29 सितंबर से 1 अक्टूबर) के दिन ब्लू लाइन में विशेष रूप से रात्रि 4 बजे तक 246 सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। दशमी (2 अक्टूबर) को 132 सेवाएं संचालित होंगी। ग्रीन लाइन में पंचमी को सुबह 7:30 बजे से रात 11:16 बजे तक 225 सेवाएं उपलब्ध होंगी। षष्ठी को 184 सेवाएं सुबह 9 बजे से रात 11:28 बजे तक और सप्तमी, अष्टमी व नवमी को 192 सेवाएं दोपहर 1:30 बजे से अगले दिन सुबह 4:18 बजे तक चलेंगी। दशमी को 74 सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। येलो लाइन में पंचमी और सष्ठी को दोपहर 3 बजे से रात 10:35 बजे तक 60 सेवाएँ चलेंगी। सप्तमी से नवमी तक 62 सेवाएं दोपहर 3 बजे से रात 10:50 बजे तक और दशमी को 50 सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। पर्पल लाइन में पंचमी से दशमी तक हर दिन दोपहर 3 बजे से रात 10:55 बजे तक 38 सेवाएं संचालित होंगी। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे स्मार्ट कार्ड, टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड या 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप से टिकट बुक करें ताकि काउंटर पर भीड़ से बचा जा सके। पीक आवर में ट्रेन में अधिक भीड़ न लगाएं और दरवाजे रोकने का प्रयास न करें। उल्लेखनीय है कि ऑरेंज लाइन पर इस अवधि के दौरान कोई सेवा उपलब्ध नहीं होगी।

## स्वामी सहजानंद ब्रम्हार्षी कल्याण मंच के सदस्यों ने कांवरियों का सेवा किया



**कोलकाता :** तारकेश्वर जाने वाले मार्ग पर रविवार को स्वामी सहजानंद ब्रम्हार्षी कल्याण मंच द्वारा नसीबपुर इलाके में कांवरियो के लिए शिविर लगाया गया। सोमवार को जल चढ़ाने वाले हजारों कांवरियों का मंच सदस्यों ने जमकर सेवा किया। शिविर में बाबा के भक्तों के लिए चाय, सर्बत, पूड़ी सब्जी एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था रखी गई थी।


इस मौके पर मंच के अध्यक्ष अनिल राय, उपाध्यक्ष अशोक राय, सचिव सुमित तिवारी, समाजसेवी नन्हे राय, रामाशंकर राय, मुन्ना ठाकुर, अखिलानंद तिवारी, श्रवण राय, संतोष कुमार पांडेय, मनोज त्रिपाठी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।अध्यक्ष अनिल राय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस साल भी मंच की ओर से कांवरियों के लिए तारकेश्वर जाने वाले मार्ग पर नसीबपुर इलाके में शिविर लगाया गया। उन्होंने कहा कि मंच के सदस्यों ने रविवार की सुबह भगवान शिवजी की पूजा अर्चना के बाद शिविर का शुभारंभ किया। जो देर रात तक चला।

## टाटा प्ले ने भारतीय क्रिकेट फैंस को फिर से किया निराश!

**कोलकाता :** 14 सितंबर, रविवार को और उसके बाद रविवार 21 सितंबर को यूएई में खेले गए एशिया कप 2025 के बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबले में जीत की मिठास तो मिली, लेकिन टाटा प्ले के हजारों सब्सक्राइबर्स के लिए यह कड़वाहट भरा अनुभव रहा, क्योंकि कई दर्शकों को सोनी के कई चैनल्स पर हो रहा लाइव टेलीकास्ट देखने को नहीं मिला। पिछले कुछ महीनों से टाटा प्ले ने अपने मुख्य पैक्स से सोनी चैनल्स को हटा दिया है, जिससे दर्शकों को उन्हें अलग से खरीदना पड़ रहा है। हालाँकि, भारत बनाम पाकिस्तान जैसे हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए फैंस ने तेजी से ये चैनल्स जोड़ने की कोशिश की, लेकिन मैच वाले दिन उन्हें तकनीकी खराबियों और री-एक्टिवेशन की समस्याओं का सामना करना पड़ा। कई टाटा प्ले यूज़र्स भुगतान करने के बाद भी मैच नहीं देख पाए।


जल जमाव के कारण हावड़ा में ट्रेन सेवा प्रभावित


सरस्वती क्लब हावड़ा


हावड़ा स्थित घर में घुसा बारिश का पानी, घर से पानी को बाहर निकालता व्यक्ति

## हावड़ा के कई इलाकों में बारिश से जलजमाव, दुर्गा पूजा आयोजकों की परेशानियां बढ़ीं

**हावड़ा, समाज्ञा :** सोमवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश मंगलवार को शहरवासियों के लिए परेशानी बन गई। लगातार पांच घंटे से अधिक समय तक हुई बारिश के कारण शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। शिवपुर, शालीमार, डुमुरजला, इच्छापुर, कदमतला, टिकियापाड़ा, दासनगर, बेलगछिया, रामराजातला, सलकिया सहित 30 से अधिक वार्डों में पानी घुटने भर तक जमा हुआ। हावड़ा स्टेशन और आसपास के मुख्य मार्गों पर भी जल-जमाव की स्थिति बनी रही। हावड़ा नगर निगम ने स्थिति पर काबू पाने के लिए 76 पंपों को शहर के विभिन्न हिस्सों में लगाया, लेकिन हुगली नदी का जलस्तर अधिक होने के कारण राहत में देरी हो रही है। भारी बारिश ने ट्रैफिक व्यवस्था पर भी असर डाला, जिससे बसें और अन्य वाहन सामान्य दिनों की तुलना में कम दिखे। दुर्गा पूजा के आयोजकों के लिए भी यह बारिश चुनौतीपूर्ण साबित हुई। हावड़ा के कई पंडालों में पानी जमा हो गया है और मंडप बनाने की सामग्री भीग गई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है, लेकिन जल-जमाव ने स्थानीय लोगों और पूजा आयोजकों दोनों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। हावड़ा नगर निगम के प्रशासनिक बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सुजय चक्रवर्ती ने बताया कि यह रिकॉर्ड बारिश है। उन्होंने कहा कि बारिश का अनुमान था, लेकिन इस तरह का व्यापक जलजमाव किसी ने नहीं सोचा था। नगर निगम की ओर से पूरी कोशिश जारी है और नदी का जलस्तर कम होने के बाद ही हावड़ा में जल-जमाव से राहत मिलने की संभावना है।

# हुगली में द्वितीया पर मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

❑ **जिले के अधिकांश अंडरपास जलमग्न, सड़क यातायात बाधित**
❑ **स्कूली बच्चों और आम जनता को स्कूल और गंतव्य तक पहुंचने में भारी परेशानी**
❑ **रेल सेवाओं में रद्द और देरी से यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें**

**हुगली, समाज्ञा :** द्वितीया के दिन तड़के लगातार चार घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। जिले के अधिकांश अंडरपास जलमग्न हो गए, जिससे आवागमन ठप पड़ गया। सड़कें जगह-जगह जलजमाव और जलभराव का सामना कर रही हैं। निकासी की अपर्याप्त व्यवस्था ने स्थिति और गंभीर बना दी।



बारिश का सबसे बड़ा असर दुर्गा पूजा की तैयारियों पर पड़ा। कई पंडालों का निर्माण कार्य बाधित हुआ, जबकि पहले से तैयार पंडालों को भी नुकसान पहुंचा। आयोजकों ने बताया कि बारिश से अतिरिक्त खर्च और समय की हानि हुई है।

रेल सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं। रेलवे ट्रैक और कारशेड में पानी भर जाने के कारण कई ट्रेनें रद्द हो गईं और शेष ट्रेनों में भारी देरी हुई। सुबह से ही रिसड़ा समेत विभिन्न स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई, जहां लोग अपने गंतव्य और ड्यूटी तक पहुंचने के लिए जद्दोजहद करते नजर आए।

सड़क यातायात भी पूरी तरह बाधित रहा। वाहन जलजमाव में फंस गए और कई मार्गों पर लंबा जाम लग गया। विशेष रूप से स्कूली बच्चों को स्कूल जाने और लौटने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के कारण दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ। लोगों ने इसे 'बरसात नहीं, मुसीबत की बरसात' करार दिया।

## जमीन विवाद को लेकर अलीपुरद्वार में गोलीबारी, युवक की मौत



**अलीपुरद्वार :** जमीन को लेकर पुराने विवाद को लेकर सोमवार की शाम अलीपुरद्वार जिले के बक्सा टाइगर रिजर्व इलाके में एक युवक को कई गोलियां मारी गईं, जिससे घटनास्थल पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान सुभाष कुजुर (40) के रूप में हुई है। वह कालचीनी ब्लॉक के डिमा इलाके का निवासी था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, सुभाष कुजुर दिल्ली में काम करते थे। कुछ दिन पहले ही वे घर लौटे थे। सोमवार की शाम स्कूटी से बक्सा टाइगर रिजर्व के जंगल के रास्ते घर लौटते समय निमती इलाके में अपराधियों ने उनकी स्कूटी रोक ली। आरोप है कि उनके सिर को निशाना बनाकर गोली चलाई गई। लगातार कई राउंड फायरिंग की गई। घटनास्थल पर ही वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें अलीपुरद्वार जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। अलीपुरद्वार के पुलिस अधीक्षक वाई रघुवंशी ने बताया कि यह घटना निमती इलाके में हुई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इससे अधिक कुछ कहना संभव नहीं है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## भारी बारिश के बीच मांडेविला गार्डन्स में लगी आग, कई घंटे बाद काबू

❑ **घटना की खबर सुनते ही मौके पर पहुंचे मेयर फिरहाद हकीम**

**कोलकाता, समाज्ञा :** गहरे निम्नचाप के कारण लगातार हो रही बारिश से कोलकाता जलमग्न है। हालात को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम के कर्मचारी मैदान में उतरे हुए हैं। खुद शहरी विकास मंत्री एवं मेयर फिरहाद हकीम स्थिति का जायजा ले रहे हैं। इसी बीच, मंगलवार की सुबह शहर के मांडेविला गार्डन्स बाजार की एक दुकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग तेजी से फैलने लगी और लपटों के साथ काला धुआं पूरे इलाके में छा गया। आग की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। लेकिन, दमकल इंजन के पहुंचने से पहले ही आग पास की दूसरी दुकान में भी फैल गई। बाद में, एक-एक कर दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। बारिश और जलभराव की वजह से आग बुझाने में दमकल



कर्मियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। खबर मिलते ही मेयर फिरहाद हकीम भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने दमकल अधिकारियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली और मौके से ही राहत कार्यों की निगरानी की। घनी आबादी और संकरी गलियों वाला इलाका होने के कारण दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में कई घंटे लग गए। दमकल विभाग का प्रारंभिक अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी होगी। हालांकि, आग पूरी तरह बुझने और जांच पूरी होने के बाद ही सटीक कारण स्पष्ट होगा। फिलहाल, नुकसान का सही आकलन नहीं हो सका है।

## मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के मामले पर नहीं आया कोर्ट का फैसला, जलजमाव के कारण कोर्ट नहीं पहुंच सके जज

**कोलकाता, समाज्ञा :** शुरुआत में इस बात को लेकर उत्सुकता थी कि क्या जज शिक्षक भर्ती घोटाले में राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा को जमानत देंगे या ईडी के अनुरोध पर हिरासत देंगे। जज को मंगलवार को बैंकशाल कोर्ट विचार भवन में इस मामले में फैसला सुनाना था। लेकिन, न्यायाधीश मंगलवार को भारी बारिश की वजह से जलजमाव के कारण कोर्ट नहीं पहुंच पाए। नतीजतन, मंगलवार को फैसला नहीं सुनाया जा सका। जज बुधवार को फैसला सुनाएंगे। बता दें कि सोमवार को कोलकाता और आसपास के जिलों पूरी रात बारिश हुई। कई घंटों की लगातार बारिश के बाद शहर का हाल बेहाल हो गया। कोलकाता के कई इलाकों में पानी भर गया। हालांकि, सुबह बारिश थम गई थी, लेकिन दोपहर तक कई जगहों पर पानी जमा रहा। कई लोगों को सड़कों पर अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कई अन्य अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए। उन्हें आधे रास्ते से ही घर लौटना पड़ा। कोलकाता की विभिन्न अदालतों में छिटपुट रूप से पानी जमा हो गया। कई वकील और जज कोर्ट नहीं आ सके। परिणामस्वरूप, कई मामलों की सुनवाई स्थगित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि चंद्रनाथ ने छह सितंबर को प्राथमिक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में अदालत में आत्मसमर्पण किया था। ईडी ने उन्हें अपनी हिरासत में लेने का अनुरोध किया। लेकिन अदालत ने चंद्रनाथ की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। हालांकि, अदालत ने कुछ शर्तें भी लगाईं। कहा कि अगर उन्हें जमानत मिल भी जाती है, तो मंत्री फिलहाल अपने विधानसभा क्षेत्र और कोलकाता से बाहर कहीं नहीं जा सकेंगे। उन्हें जांच में सहयोग करना होगा। इस संबंध में सुनवाई पूरी होने तक इस नियम का पालन करना होगा।

## भारी बारिश से मेट्रो भी हुई प्रभावित, शाम 5:38 बजे से फिर शुरू हुई सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में सोमवार रात हुई भारी बारिश ने मेट्रो सेवाओं को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। महानायक उत्तम कुमार और रवींद्र सरोबर स्टेशनों के बीच पानी भरने के कारण यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहीद खुदीराम से मैदान स्टेशन तक सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित करनी पड़ीं। हालांकि, इस दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिणेश्वर से मैदान स्टेशन तक सीमित सेवाएं संचालित की गईं। मेट्रो रेलवे के प्रवक्ता एस. एस. कन्नन ने जानकारी दी कि अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचकर लगातार पानी निकासी में जुटे रहे और स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य करने का प्रयास किया। इस बीच ग्रीन लाइन, येलो लाइन और पर्पल लाइन पर सेवाएं सामान्य रहीं। लगातार कोशिशों के बाद शाम 5:38 बजे से मेट्रो की सभी सेवाएं पूरी तरह बहाल कर दी गईं।

## बांकुड़ा में दो बसों की आमने-सामने टक्कर में 30 घायल, तीन की हालत गंभीर



**बांकुड़ा :** जिले के बेलियातोड़ इलाके में मंगलवार की सुबह दो निजी बसों के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 30 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल बेलियातोड़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और बांकुड़ा सम्मिलनी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया। इनमें से तीन यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सुबह से ही इलाके में भारी बारिश हो रही थी, जिसके कारण सड़कें फिसलनभरी हो गई थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे दुर्गापुर-बांकुड़ा और बांकुड़ा-कृष्णनगर रूट की दोनों बसें तेज रफ्तार में थीं। तभी, बेलियातोड़ थाना अंतर्गत बनग्राम इलाके में बांकुड़ा-दुर्गापुर राज्य सड़क पर दोनों बसें आमने-सामने भिड़ गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुर्गापुर-बांकुड़ा रूट की बस पलटकर सड़क किनारे मैदान में जा गिरी। दूसरी बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एक बस चालक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। बांकुड़ा के पुलिस अधीक्षक वैभव तिवारी ने बताया कि यह दुर्घटना ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान हुई।

## श्याम के 'तुलसी' श्रीचंद शर्मा को श्याम भक्तों व संस्थाओं ने किया भावपूर्ण श्रद्धार्पण

**कोलकाता, समाज्ञा :** बाबा श्याम की अमर गाथा 'श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ' को कलमबद्ध कर श्रीचंद शर्मा ने श्याम प्रेमियों को स्वयं के कल्याण की जो संजीवनी प्रदान की है। वो गोस्वामी तुलसीदास जी के रामचरितमानस मानस के समान है और यही वज़ह है कि आज पूरा श्याम जगत 'श्याम के तुलसी' के महाप्रयाण पर गमगीन है।' यह उद्गार मंगलवार को उल्टाडांगा के गोलाघाटा स्थित बीका बैंक्वेट में जय श्री श्याम सेवा संघ की ओर से गुरुवर श्रद्धेय श्रीचंद शर्मा की श्रद्धार्पण सभा 'भजनांजलि' को सम्बोधित करते हुए उनके विशेष कृपापात्र और अध्यात्म जगत के सुविख्यात लेखक रविन्द्र केजरीवाल 'रवि' ने व्यक्त किये। इस अवसर पर उपस्थित वयोवृद्ध श्याम भक्त सज्जन कुमार सिंघानिया ने उनके द्वारा रचित पाठ की दो प्रमुख पंक्तियों ' अखण्ड



ज्योति है अपार माया, श्याम देव की परबल छाया' को श्याम भक्तो के लिए कल्याणकारी मंत्र बताया। शुभकरण करनानी ने ज्योति पाठ को अनमोल ग्रंथ बताते हुए उन्हें श्याम जगत का दिव्य पुरूष बताया। 'सेवासंसार' के सम्पादक संजय हरलालका ने उन्हें दिव्य श्याम संत बताते हुए उनकी रचना के प्रचार-प्रसार में जय श्री श्याम सेवा संघ के राष्ट्रीय स्तर पर किये गए प्रयासों की सराहना की। आध्यात्मिक चैनल 'एससीआई भजन ऑफिशियल' के प्रमुख व विशिष्ट भजन प्रवाहक श्याम अग्रवाल ने श्याम अखण्ड ज्योति पाठ को चमत्कारी बताते हुए कहा कि इसका लाभ पाने के लिए इसको करना पड़ेगा। अखण्ड ज्योति पाठ के विशिष्ट प्रवाहक संदीप सुल्तानिया ने पाठ की प्रथम तीन स्तुतियों के साथ पाठ की प्रत्यक्ष महिमा के अनुभव बताये। सेवा संघ के बुद्धिप्रकाश सराफ, श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के सुरेन्द्र अग्रवाल, श्री श्याम मंदिर आलमबाजार के गोविंद मुरारी अग्रवाल, श्याम भक्त सज्जन खेतान ने भी श्रीचंद को भावांजलि अर्पित की। सुपरिचित भजन प्रवाहक रवि शर्मा सूरज ने गुरुवर के प्रयाण पर रवीन्द्र केजरीवाल की विशेष वंदना सहित गुरू महिमा पर भजनांजलि के द्वारा श्रद्धार्पण किया। सभा का मर्मस्पर्शी संचालन करते हुए गुरुवर की जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ज्योति पाठ के प्रचार-प्रसार में सक्रिय श्याम प्रेमी रवि भालोटिया, सुनील खेतान, बिमल मोदी, लोकेश शर्मा, अनिल शर्मा के अलावा शहर की अन्यतम श्याम मंडलों श्री श्याम मित्र मंडल (कोलकाता ), श्री श्याम मंडल नूतन बाजार, श्री श्याम सेवा मंडल (कोलकाता ), श्री श्याम कला भवन, श्री श्याम प्रेम मंडल (बड़ाबाजार ), श्री श्याम प्रेम मंडल (काठगोला ), श्री श्याम संकट मोचन दरबार, श्री श्याम सेवा संघ हावड़ा, श्री श्याम दासी मंडल, साँवरे की महफिल, श्री श्याम सागर, श्री कामना सिद्ध मंदिर, श्री श्याम भक्त मंडल (खिदिरपुर), श्री चावो वीरों प्रचार समिति, श्री पाली दादी भक्त बृंद, श्री देवसर माता भक्त मंडल, श्री अमरी छाजल प्रचार समिति, श्री सालासर बालाजी सेवक वृन्द (बांधाघाट) सहित कोलकाता-हावड़ा की अनेक संस्थाओं के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों व श्याम प्रेमियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा निवेदित की।

## सैकड़ों अखण्ड दीपों से जगमगाया श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम

❑ **10 दिनों के शारदीय नवरात्र महोत्सव पर नवदुर्गा सहित विशिष्ट देवियों की झांकियां प्रदर्शित**

**हावड़ा :** पूर्वी भारत में श्याम भक्तों की आस्था के प्रमुख केंद्र 'श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम' में शारदीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन सैकड़ों दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंदिर में इस अवसर नव दुर्गा की झांकियों व देश के विभिन्न राज्यों के प्रमुख देवी मंदिरों की झांकियो से सुसज्जित दरबारों में विगत की भाँति इस बार भी सैकड़ों भक्तों द्वारा संकल्पित होकर अखंड दीप प्रज्वलित करने सेआदि शक्ति माँ दुर्गा के यहां सजे दरबार जगमगा उठे। मंदिर के प्रबंध न्यासी बिनोद टिबड़ेवाल ने बताया कि इस बार मंदिर में स्थित मां जगदम्बा के सुसज्जित स्थायी दरबार के अलावा, विशेष रूप से सुसज्जित



दरबारों में नवदुर्गा शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी व सिद्धिदात्री के दर्शन के साथ ही उ. प्रदेश की मणिकर्णिका माता, बिहार की मां मंगला गौरी व जय मां त्रिपुर सुंदरी, महाराष्ट्र की महालक्ष्मी, कर्नाटक की संगी कालिका व भगवती दुर्गा परमेश्वरी, मध्य प्रदेश की पीतांबरा माता, राजस्थान (देशनोक) की करणी माता की झांकियां भी प्रदर्शित की गई हैं जो पहले दिन से ही भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि इस बार नवरात्र में वृद्धि होने से यह आयोजन 10 दिनों तक चलेगा और इस दौरान प्रथम दिन प्रज्ज्वलित सैकड़ों अखण्ड दीपक नवमी तक दिन-रात जलेंगे और विजया दशमी के दिन (2 अक्टूबर) को इन दीपों के प्रज्वलनकर्ताओं के आशीर्वाद समारोह के साथ शारदीय नवरात्र महोत्सव सम्पन्न होगा। मंदिर के प्रचार प्रभारी सुरेश कुमार भुवालका ने बताया कि नवरात्र में प्रतिदिन होने वाली मां जगदम्बा की सामूहिक आरतियों में तो भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती ही है, दुर्गापूजा के दौरान दूसरे प्रदेशों से घूमने आने वालों का भी यहां भरपूर समागम होता है।

## नवद्वीप में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या मामले में पहली गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नवद्वीप में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पहली गिरफ्तारी हुई है। नवद्वीप थाने की पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को अदालत में पेश किया। बता दें कि नवद्वीप में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के मामले में तृणमूल के उपद्रवियों पर आरोप है। मृतक के परिवार ने इस घटना में चार लोगों के नाम लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। लिखित शिकायत के आधार पर जांच में उतरी पुलिस ने अरिंदम मंडल उर्फ छोटू नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी अरिंदम मंडल को बीरभूम के साईंथिया से गिरफ्तार किया गया।

## टीवी9 फेस्टिवल ऑफ इंडिया 2025: शान और सचेत-परंपरा देंगे धमाकेदार परफॉर्मेंस

**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली एक बार फिर संगीत, नृत्य और उत्सव के रंगों से सजने जा रही है। टीवी9 नेटवर्क 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'टीवी9 फेस्टिवल ऑफ इंडिया 2025' का तीसरा एडिशन मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित कर रहा है। इस बार फेस्टिवल और भी भव्य रूप में आयोजित होगा, जिसमें दर्शकों को मनोरंजन, संस्कृति और खानपान का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। फेस्टिवल में बॉलीवुड के मशहूर गायक शान और लोकप्रिय जोड़ी सचेत-परंपरा अपनी सुरीली आवाज से माहौल को यादगार बनाने वाले हैं। इसके अलावा सेलिब्रिटी डांडिया नाइट्स, लाइव म्यूजिक शो, शॉपिंग स्टॉल्स और देशभर के स्वादिष्ट फूड्स का मजा भी दर्शक उठा सकेंगे। टीवी9 नेटवर्क के सीओओ के. विक्रम ने कहा कि पहले दो संस्करणों की सफलता के बाद इस बार फेस्टिवल को और बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। टिकट बुक माय शो पर उपलब्ध हैं, जबकि लाइफस्टाइल एक्सपो में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## उड़ान श्रीभूमि के सिंदूरी डांडिया में प्रतिभागियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

### 17 टीमों और 4000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने उत्सव को बनाया यादगार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उड़ान श्रीभूमि के सिंदूरी डांडिया कार्यक्रम में रविवार को प्रतिभागियों में जीतने की होड़ और उत्साह देखने को मिला। दोपहर 2 बजे से लेकर कार्यक्रम के समापन तक कार्यक्रम स्थल पर लोगों का आना लगातार जारी रहा। डांडिया और गरबा खेलने तथा देखने आए लोगों की भीड़ इतनी थी कि हॉल में पांव रखने की जगह मुश्किल से ही मिल रही थी। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मां अंबे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करने और आरती के बाद उद्योगपति महेश अग्रवाल (आधुनिक स्टील) ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी रामफूल मित्तल, संजय कंसल समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उद्घाटनकर्ता महेश अग्रवाल ने कहा कि पारिवारिक माहौल में डांडिया का ऐसा शानदार आयोजन कहीं और देखने को नहीं मिलता।



राज्य के दमकल और आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री सुजीत बोस ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि उड़ान को हम अपने परिवार की संस्था मानते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था से जुड़ी महिलाएं कई महीनों पहले से इस कार्यक्रम की तैयारियों में जुट जाती हैं। इसी कारण न सिर्फ आसपास के इलाके बल्कि बैरकपुर, सॉल्टलेक, अलीपुर और हावड़ा से भी प्रतिभागी अपनी टीमों के साथ यहां डांडिया और गरबा खेलने आते हैं।

संस्था की चेयरपर्सन किरण अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस बार डिविनिटी पैवेलियन में केयूर-नयन मेहता और टीम ने डांडिया गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। लगभग सत्रह टीमों ने हिस्सा लिया और सभी ने अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ी।

सभापति उमा झंवर ने बताया कि इस बार भी साल्टलेक संस्कृति संसद, सीकर नागरिक परिषद, मारवाड़ी फेडरेशन, एल्कोग्लोरिया, अवनी, ऑक्सफोर्ड, सन सिटी समेत कई अन्य समूहों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। हरियाणा विद्या मंदिर के बच्चों ने भी इस अवसर पर अपनी प्रतिभा दिखाई।

संयोजक लक्ष्मण अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि महिला सदस्याओं ने अपने घरेलू कामकाजों के बीच से समय निकालकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

इस कार्यक्रम में समाजसेवी ललित प्रह्लादका (मारवाड़ी संस्कृति मंच), अंजनी धानुका, लक्खी प्रसाद पंसारी, मनमोहन अग्रवाल, विश्वनाथ भुवालका, पीके रुंगटा, एसएन पटवारी, बीरेंद्र अग्रवाल, एयरपोर्ट निदेशक पीआर बेऊरिया, संदीप गर्ग, किशन किल्ला, पंकज भालोटिया, दीपक अग्रवाल (संघई), विकास पोद्दार, पंकज डोसी, धर्मचंद भंडारी, रमेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सचिव मनीषा जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि रंजना-दीपक अग्रवाल, आशा-दीपांकर जिंदल, मधु-संजय अग्रवाल ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। अन्य सदस्यों जैसे मनोज-सुनीता अग्रवाल, सरिता-मनोज शर्मा, प्रभा-सुनील अग्रवाल, भावना-अनिल अग्रवाल, हेमा-ललित केशान, शीतल-मनोज अग्रवाल, मधु-विजय रस्तोगी, सरोज-अशोक माधोगढ़िया, पायल-रमेश बिहानी, मनोज झंवर, बरखा-विवेक तनवीर, रश्मि-संजय पोद्दार, रुमा-रमेश पटेल, शिखा-संजय बगड़िया, रचना-रोहित कोटड़ीवाल, ज्योति खेमका, दीपा डीडवानिया सहित सभी ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस वर्ष ललसा और आर्यन ने डांडिया किंग का खिताब जीता। एयरकॉम ट्रैवल्स की ओर से प्रणव साहा और अदिति ठक्कर को फॉरेन टूर के लिए आने-जाने की टिकट उपहार स्वरूप दी गई। इसके अलावा 400 अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

# आक्रांताओं के अत्याचार से भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ से घटकर 30 करोड़ हुई: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 1100 तक भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी, मगर ''आक्रांताओं' के 'अत्याचारों' की वजह से साल 1947 में देश की आजादी के समय उनकी तादाद घटकर 30 करोड़ रह गई। योगी आदित्यनाथ ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह दावा किया। उन्होंने कहा, 'भारत पर इस्लाम ने जब पहला हमला किया और उसके बाद भी वर्ष 1100 तक, देश के अंदर हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी, और 1947 में जब यह देश आजाद हुआ, उस समय हिंदुओं की आबादी मात्र 30 करोड़ रह गई। आप मुझे बताइए, इन 800-900 वर्षों में हमारी आबादी बढ़नी चाहिए थी या कम होनी चाहिए थी? हम 60 करोड़ से 30 करोड़ पर आ गए।'' आदित्यनाथ ने यह भी दावा किया कि 'आक्रांताओं' ने हिंदुओं की आबादी ही नहीं घटाई बल्कि खेती के उत्पादन को भी कम कर दिया। उन्होंने कहा,'हिंदुओं को सिर्फ आक्रांताओं ने ही नहीं मारा, बल्कि वे भूख से मरे, बीमारी से मरे, तमाम अन्य प्रकार की यातनाओं से मरे। विदेशी दासता ऐसी ही होती है... इस देश के साथ भी वही किया गया।' हालांकि, आदित्यनाथ ने 300 वर्ष पहले के भारत की समृद्धि का भी जिक्र किया और कहा, 'ज्यादा दूर मत जाइए, आज से 300 वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 25 प्रतिशत था। दुनिया के कुल औद्योगिक उत्पादन में भारत का योगदान 25 प्रतिशत था। भारत का मतलब आज का भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश, जिसे आप वृहत्तर भारत कहते हैं। यानी 300 वर्षों तक भारत दुनिया की नंबर एक आर्थिक ताकत था। नंबर एक का उत्पादक राष्ट्र था और कृषि में तो भारत का कोई सानी नहीं था।' मुख्यमंत्री ने स्वदेशी का नारा बुलंद करते हुए किसी का नाम लिए बिना विरोधियों पर निशाना साधा और कहा, 'क्या नहीं था भारत के पास, लेकिन जिन लोगों ने जाति के नाम पर बांटा, क्षेत्र के नाम पर बांटा, भाषा के नाम पर बांटा, और आज भी वे उसी विदेशी मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं, समाज को विभाजित कर रहे हैं, वे लोग इस स्वदेशी अभियान में भी तमाम तरह की उंगलियां उठाएंगे।'

## योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री से बुंदेलखंड के किलों को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित बुंदेलखंड क्षेत्र के किलों के विकास के लिए उन्हें राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, ये किले/स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संरक्षण में हैं। इसमें कहा गया, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री से तालबेहट किला (ललितपुर), कालिंजर किला (बांदा), मड़फा (चित्रकूट), बरुआ सागर (झांसी) तथा घाट की सीढ़ियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के प्राचीन स्मारक एवं पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के अंतर्गत राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का अनुरोध किया है।' उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के हवाले से बताया गया कि मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड की भौगोलिक तथा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का उल्लेख करते हुए पत्र में कहा, 'बुंदेलखंड भारत का हृदयस्थल है। पहले इस क्षेत्र को दशार्ण (दस नदियों का क्षेत्र), जेजाकभुक्ति या जुझौती कहा जाता था।'

## नीति आयोग के सीईओ ने 'उत्तर प्रदेश विजन डॉक्युमेंट' की समीक्षा की

**लखनऊ:** राज्य की राजधानी लखनऊ के योजना भवन मंगलवार को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की अध्यक्षता में 'उत्तर प्रदेश विजन डॉक्युमेंट' की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दस्तावेज की रूपरेखा की वर्तमान प्रगति और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। एक बयान के अनुसार, बैठक में नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम के समक्ष 'विजन डॉक्युमेंट' की रूपरेखा तैयार करने के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने एक संगठित और समन्वित कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा तथा कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए एक संयुक्त टीम के गठन का सुझाव दिया। इस टीम में क्षेत्रीय एवं सेक्टर विशेषज्ञ, नीति आयोग के प्रतिनिधि तथा राज्य योजना विभाग के सदस्य शामिल होंगे, जिससे नीति-निर्माण में समन्वय मजबूत होगा।

## राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि मामले में एक गवाह से हुई जिरह पूरी

**सुलतानपुर (उप्र):** सुलतानपुर की सांसद/विधायक अदालत में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में मंगलवार को एक गवाह से जिरह पूरी कर ली गई और अब दूसरे गवाह से जिरह नौ अक्टूबर को की जाएगी। गांधी के अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। रायबरेली से सांसद के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मंगलवार को गवाही देने के लिए उपस्थित थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के पिताम्बरपुर कलां निवासी अनिल मिश्रा से पूर्व में नौ सितंबर को शुरू हुई जिरह पूरी नहीं हो सकी थी, जिसे आज पूरा कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अब नौ अक्टूबर को दूसरे गवाह रामचंद्र दूबे से जिरह होगी।

## वाराणसी नगर निगम क्षेत्र में नवरात्र में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध

**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी नगर निगम सीमा क्षेत्र में पूरे नवरात्र मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगते हुए इनकी दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। मंगलवार को यह जानकारी दी गई। नगर निगम के जनसम्पर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी ने नवरात्र पर्व के दौरान नगर निगम सीमा क्षेत्र के सभी मीट, मुर्गा और मछली की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया है। महापौर ने नवरात्र के दौरान सभी बूचड़खाने भी बंद करने का आदेश दिया है।

## माफी मांगें या मानहानि के लिए 100 करोड़ रुपये का हर्जाना दें: बिहार के मंत्री ने प्रशांत किशोर से कहा



**पटना:** बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने मंगलवार को जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को कानूनी नोटिस भेजते हुए उनसे ''बिना शर्त माफी'' मांगने या फिर 100 करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा झेलने के लिए तैयार रहने को कहा। पिछले सप्ताह पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया था कि चौधरी करीब 200 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि की कथित रूप से अनियमित खरीद-फरोख्त में लिप्त हैं। ग्रामीण कार्य विभाग का प्रभार संभाल रहे अशोक चौधरी ने अपने अधिवक्ता कुमार अंजनय शानू के माध्यम से भेजे गए नोटिस में किशोर से कहा है कि वह ''या तो अपने आरोपों को साबित करने के लिए ठोस सबूत प्रस्तुत करें, या फिर लिखित और एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर मौखिक रूप से सार्वजनिक तौर पर बिना शर्त माफी मांगें।'' नोटिस में कहा गया है कि प्रशांत किशोर के बयान से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौधरी की साख को अपूरणीय क्षति पहुंची है और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है।

## राजस्थान: सांभर झील में प्रवासी पक्षियों का आगमन समय से पहले शुरू

**जयपुर:** राजस्थान की सांभर झील में पानी की मात्रा बढ़ जाने से इस बार सर्दियों से पहले ही प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। विशेषज्ञों ने यह जानकारी दी। इस वर्ष हुई भारी बारिश के कारण झील में जलस्तर बढ़ा है। अधिकारियों ने बताया कि पक्षियों के जल्द आगमन ने पक्षी प्रेमियों के चेहरे पर खुशी ला दी है। हालांकि जीवाणु संक्रमण - 'एवियन बोटुलिज्म' को लेकर चिंताएं भी फिर से उभर गई हैं और वन विभाग इसके लिए सतर्क है। विशेषज्ञों ने बताया कि मानसून में हुई भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर झील का जल स्तर पांच से सात फुट तक बढ़ गया है और ये हाल के वर्षों में सबसे अधिक है।

## गोरखपुर में बदमाशों ने छात्र को मारी गोली, एक हमलावर हिरासत में

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र स्थित पथरा बड़गो गांव में बदमाशों ने स्नातक के एक छात्र को गोली मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को कुछ हमलावरों ने विज्ञान स्नातक के छात्र अमन मौर्य (25) का कथित रूप से पीछा कर उस पर गोली चला दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि यह हमला दो दिन पूर्व अमन और उसके पड़ोसी के बीच हुए विवाद से जुड़ा हो सकता है। छात्र के पिता मनोज मौर्य ने आरोप लगाया कि गोलीबारी के पीछे उनके पड़ोसी का ही हाथ है। उन्होंने कहा, ''जब यह हमला हुआ, उस समय मैं नौतनवा गया हुआ था। जैसे ही सूचना मिली, मैं तुरंत वापस लौट आया।'' अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनव त्यागी ने कहा, ''घटना किसी पुराने विवाद से जुड़ी प्रतीत हो रही है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और पीड़ित के होश में आने का इंतजार किया जा रहा है ताकि उसका बयान दर्ज किया जा सके।' पुलिस क्षेत्राधिकारी (छावनी) योगेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।



## गोरखपुर में पानी से भरे गड्ढे में गिरने से दो बच्चियों की मौत, एक की हालत गंभीर

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के सिकरीगंज क्षेत्र में एक ईंट-भट्ठे के पास पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को दीया तिवारी (छह), अनुष्का गौड़ (आठ) और आर्यन तिवारी (आठ) स्कूल से लौटने के बाद पिडारी गांव में एक ईंट-भट्ठे के पास खेल रहे थे। उसने बताया कि यह गड्ढा ईंट बनाने के लिए खोदा गया था, जिसमें बारिश का पानी जमा था। पुलिस ने बताया कि खेलते समय दीया फिसलकर गड्ढे में गिर गई, उसे बचाने के प्रयास में आर्यन और अनुष्का भी पानी में कूद गए, लेकिन वे भी डूबने लगे। उसने बताया कि शाम तक बच्चों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और उन्हें पानी से भरे गड्ढे में पाया गया। पुलिस ने बताया कि तीनों को बाहर निकालकर पहले उरुवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, और बाद में गोरखपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने दीया और अनुष्का को मृत घोषित कर दिया, जबकि दीया के भाई आर्यन की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पीड़ित परिवारों को उचित उपचार और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## न्यूज अपडेट

### आजम खां सपा में रहें या बसपा में जाएं, दोनों दलों की 2027 में हार तय: केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खां की रिहाई के बाद उनके बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खां सपा में रहें या बसपा में जाएं, 2027 के विधानसभा चुनाव में दोनों दलों की हार तय है। सपा नेता एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आजम खां विभिन्न आपराधिक मामलों में लगभग दो साल बाद जमानत मिलने के पश्चात मंगलवार को सीतापुर जिला कारागार से रिहा हुए। सीतापुर जिला कारागार के अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि सपा नेता आजम खां की रिहाई हो गई है। इस बीच, केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर पोस्ट कर दावा किया, ''मोहम्मद आजम खां चाहें सपा में रहें या बसपा में जाएं, सपा-बसपा दोनों की 2027 में हार का मातम तय है।'

### सुलतानपुर में निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से तीन मजदूरों की मौत

**सुलतानपुर (उप्र):** सुलतानपुर जिले में निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से दो सगे भाइयों समेत तीन मजदूरों की मलबे में दबने से मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लम्भुआ थाने के प्रभारी सन्दीप राय ने बताया कि धरियामऊ गांव के रहने वाले राम तीर्थ धुरिया के मकान का निर्माण चल रहा है और सोमवार रात लगभग आठ बजे के आसपास निर्माणाधीन मकान की छत भरभरा कर गिर गयी। उन्होंने बताया कि इस घटना में अर्जुनपुर निवासी आनन्द (23) व उसके भाई विक्रम (20) तथा हिमांशु (22) की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### ज्ञानवापी: वजूखाना के सर्वेक्षण के अनुरोध वाली याचिका की सुनवाई टली

**प्रयागराज:** वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर शेष क्षेत्र का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराए जाने के अनुरोध वाली याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सुनवाई स्थगित कर दी। मंगलवार को जब यह मामला न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत में सुनवाई के लिए आया तो अदालत को अवगत कराया गया कि मुस्लिम पक्ष के वकील अस्वस्थ होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके। अदालत ने इसे ध्यान में रखते हुए सुनवाई स्थगित कर दी और मामले की अगली सुनवाई की तिथि सात अक्टूबर तय की गई है। यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को पारित उस आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई है, जिसमें उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वजूखाना क्षेत्र (कथित शिवलिंग को छोड़कर) का एएसआई से सर्वेक्षण कराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

### अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के लिए सेनहाइजर ने स्पेशल ऑफर्स का किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा :** ग्लोबल ऑडियो ब्रांड सेनहाइजर ने अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 के लिए अपने लोकप्रिय प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। 23 सितंबर से शुरू होने वाली इस सेल में ग्राहक प्रोफाइल वायरलेस, मोमेंटम 4 वायरलेस, मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4, एचडी 490 प्रो प्लस स्टूडियो हेडफोन, एएम्बियो साउंडबार मिनी और प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन जैसे प्रीमियम प्रोडक्ट्स पर छूट का लाभ उठा सकेंगे। कंपनी ने बताया कि इस त्योहारी सीजन में ग्राहक चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर नो-कॉस्ट ईएमआई और अतिरिक्त ऑफर्स का फायदा भी उठा पाएंगे। इन ऑफर्स का उद्देश्य ग्राहकों को त्योहारों के दौरान बेहतरीन ऑडियो अनुभव प्रदान करना है। सेनहाइजर के मोमेंटम 4 वायरलेस हेडफोन, 60 घंटे की बैटरी लाइफ और नॉइज कैंसलेशन फीचर के साथ, 20,990 की कीमत पर उपलब्ध होंगे। वहीं, प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन क्रिएटर्स और गेमर्स के लिए 10,090 में ऑफर होगा। मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4 ईयरबड्स 16,990, और एएम्बियो साउंडबार मिनी 42,990 में मिलेंगे।

### हिसार में 20 से अधिक गायों की मौत; हलवा, पूरी जैसे खाद्य पदार्थ को माना जा रहा है संदिग्ध कारण

**हिसार:** हरियाणा के हिसार में पिछले तीन दिनों में 20 से अधिक गायें मृत पाई गईं। ये खुली छोड़ दी गई गायें थीं और इनकी मौत का कारण लोगों द्वारा दी जाने वाली पूरी, हलवा जैसी खाद्य सामग्री के अत्यधिक सेवन से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं को माना जा रहा है।



## क्रोध मत करो

परशुराम संबल

किसी गांव में एक वृद्ध व्यक्ति रहता था। लगभग सत्तर वर्ष की आयु पार कर चुका था। इतनी आयु हो जाने पर भी वह शरीर से स्वस्थ और चुस्त नजर आता था। वह गांव सभा का सरपंच भी था। खेती बाड़ी का काम बेटों ने संभाल रखा था। जीवन आराम से व्यतीत हो रहा था।

वह चौपाल में बैठा हुक्का गुड़गुड़ाता रहता और आने जाने वालों को स्वस्थ और सुखी रहने का एक ही मंत्रा बताता था जो सोलह आने सही भी था। वह कहता था- 'क्रोध ही मनुष्य के पतन का कारण है, इसलिये क्रोध मत करो। सदा प्रसन्नचित्त करो।'

एक बार किसी गांव से कोई व्यक्ति उससे मिलने के लिये आया। उसने वृद्ध सरपंच की शांति और सादगी के विषय में बहुत कुछ सुन रखा था। उस व्यक्ति के मन में वृद्ध के धैर्य को वास्तविकता को परखने का विचार मन आया।



वह उससे बोला- 'बाबा ! मुझे घर गृहस्थी और बच्चों के विषय में हमेशा चिन्ता बनी रहती है। छोटी-छोटी बातों पर बच्चों और पत्नी पर क्रोध आ जाता है। चित्त अशान्त सा रहता है। कृपा करके मुझे कोई ऐसा उपाय बताइये जिससे मेरा जीवन तनावरहित हो जाये और मैं परिवार में सुखपूर्वक रह सकूं।'

वृद्ध ने हुक्के को जोर से गुड़गुड़ाया, धुंआ छोड़ा और कहा- 'क्रोध ही सब व्याधियों का मूल कारण है। जीवन को तनावमुक्त रखने के लिये, कभी क्रोध मत करो और खुश रहो।'

'क्या कहा आपने ? मैं ठीक समझ नहीं पाया।' व्यक्ति ने पूछा।

'भाई क्रोध मत करो और खुश रहा करो।'

'ओह बाबा, आपकी बात मेरे कानों तक क्यों नहीं पहुंच रही।'

वृद्ध तनिक जोर से बोला- 'क्रोध मत करो और खुश रहो।'

उस व्यक्ति ने गरदन हिलाते हुए निराश स्वर में कहा- 'माफ करना जी, मेरे पल्ले कुछ भी नहीं पड़ा।'

वृद्ध व्यक्ति ने अपने शब्दों को फिर दोहराया।

परन्तु बार-बार उस व्यक्ति द्वारा सुनने' की बात पर वृद्ध के धैर्य का बांध टूट गया और वह क्रोधित हो उठा। उसने आव देखा न ताव, पास रखी लठिया उठाई और उस व्यक्ति के सिर पर दे मारी। जोर से चीख कर कहा- 'हजार बार कह दिया कि क्रोध मत करो, फिर भी नहीं सुनता। निपट बहरा है तू या कानों में रूई ठूंस रखी है ?'

वह व्यक्ति हंस कर बूढे से बोला- 'बाबा ! पहले आप अपने क्रोध को तो मारो, तब दूसरों को शिक्षा देना। क्रोध को पीने के लिये बड़े धैर्य और सहनशीलता की आवश्यकता होती है। जब तक हम उस पर अमल नहीं करेंगे, दूसरों को उपदेश देना निरर्थक है।'

उस व्यक्ति की बात सुनकर वृद्ध का क्रोध एक दम काफूर हो गया। वह लाठी एक ओर फेंक कर लज्जित हो उठा। (उर्वशी)

## रोशनदान का जन्म

नरेंद्र देवांगन

बहुत समय पहले की बात है, एक राजा था। एक दिन उसने मंत्री से कहा कि राज्य सभा की बैठक के लिए एक बड़ा भवन बनवाया जाए। राजा के हुक्म होते ही कुछ ही दिनों में भवन का निर्माण हो गया।

उद्घाटन का दिन आया, चारों ओर धूमधाम थी। मंत्री, सेनापति, कोतवाल, दरबारी सबके साथ राजा भवन में दाखिल हुए लेकिन यह क्या? उसमें जरा सी भी रोशनी नहीं हो रही थी। चारों ओर अंधेरा था।

राजा ने गुस्से से पूछा, 'किसने यह भवन बनवाया है? रोशनी तो नाम मात्र की भी नहीं है। ऐसे में सभा कैसे होगी?'

सब अवाक खड़े थे। राजा ने मंत्री से कहा, 'इसमें रोशनी का इंतजाम करो।'

मंत्री अपने को बहुत बुद्धिमान समझते थे। बोले, 'महाराज, रोशनी अभी आ जाती है।' फिर अन्य लोगों से बोले, 'ऐसा करो, अंदर से मुट्ठी भर अंधेरा ले चलो और बाहर से एक-एक मुट्ठी धूप ले आओ। चारों ओर रोशनी हो जाएगी।'

लोगों ने अंदर मुट्ठी बांधी और बाहर जा कर खोल दी। बाहर से फिर मुट्ठी बंद की और अंदर जा कर खोल दी लेकिन हालत फिर भी वैसी रही। वैसा ही अंधेरा छाया रहा। उस अंधेरे में धूप थी ही नहीं।

राजा ने क्रोधित स्वर में पूछा, 'मंत्री जी, भवन में धूप कहां आई?'

मंत्री ने उत्तर दिया, 'जी, मुट्ठी के छिद्रों में से निकल गई।'

राजा ने कहा, 'जैसे भी हो, धूप का इंतजाम करो।'

मंत्राी ने फिर बुद्धि का प्रदर्शन करते हुए कहा, 'महाराज छत निकलवा देते हैं।'

हुक्म होते ही राज मिस्त्री आए। मजदूरों ने अपना कमाल दिखाया और छत हटवा दी। चारों ओर रोशनी ही रोशनी फैल गई। सब बहुत प्रसन्न हुए। राज्य सभा बैठी। अचानक आकाश में बादल छा गए। देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई और वहां बैठे सभी लोग भीगने लगे।

राजा ने कहा, 'मंत्री जी, छत निकालने से कोई फायदा नहीं हुआ।'

बेचारा मंत्री सोच में पड़ गया। इतने में दरबारी ने कहा, 'एक काम हो सकता है महाराज। छत को हिफाजत से रख दें। जब बारिश हो, उसे ढक दें, बाद में उतार कर रख लें।'

मंत्री ने सोचा, इससे तो मैं राजा की निगाह में छोटा हो जाऊंगा। वह बोला, 'महाराज, ऐसा तो मैंने भी सोचा था लेकिन अगर दिन में बारिश हो तो अंधेरे में काम कैसे होगा?'

'फिर क्या करें?' राजा ने पूछा।

दरबारी बोला, 'उस दिन छुट्टी हो जाएगी।' राजा मान गए।

एक बार ऐसा हुआ कि जब सभा हो रही थी, उस समय बाहर बादल आ गए। कड़-कड़ बिजली चमकने लगी, पानी बरसने लगा, राजा देख रहे थे। अचानक उन्हें दीवार की एक दरार से बिजली की चमक दिखाई पड़ी। उस चमक से बाहर का दृश्य बहुत सुंदर लगा।

राजा को एक उपाय सूझा, 'मंत्री जी, एक उपाय मिल गया।'

'क्या महाराज?' सबने उत्सुकता से पूछा।

राजा ने कहा, 'दीवारों में से कहीं-कहीं से ईंटें निकलवा कर सुराख बनवा दो, रोशनी तो आएगी ही, साथ ही हवा भी।'

राजा के कहने के अनुसार वैसा ही किया गया। उनकी मुश्किल आसान हो गई। इस तरह से खिड़की और रोशनदान का जन्म हुआ। लोग आज भी रोशनी और हवा के लिए घरों की दीवारों में खिड़कियां और रोशनदान बनवाते हैं। (उर्वशी)

## नल का महत्व

हेमंत कुमार यादव

चीकू खरगोश, मीकू बंदर, डंकू सियार और गबदू गधा एक मैदान में फुटबाल खेल रहे थे। तभी गबदू गधे ने एक जोरदार किक मारी तो फुटबाल हवा में लहराता हुआ मैदान के बाहर जा गिरा और उछलता हुआ पानी से भरे एक गड्ढे में चला गया।

फुटबाल लाने मीकू बंदर तेजी से दौड़ा मगर फुटबाल को गड्ढे में पड़ा हुआ देखकर वह उल्टे पांव लौट आया।

वह बोला, 'फुटबाल फिर उसी कीचड़ और पानी से भरे गड्ढे में चला गया है। मैं उस गड्ढे में घुसकर फुटबाल नहीं निकालूंगा। जिसने किक मारी है, वही घुस कर फुटबॉल लाएगा।

किक तो गबदू गधे ने मारी थी। इसलिए उसे ही उस गड्ढे में घुस कर फुटबॉल लाना पड़ा।

फुटबाल निकालने के चक्कर में वह कीचड़ में नहा गया। उसकी सूरत देखकर तीनों हो हो कर हंसने लगे।


इसी तरह एक बार जब मीकू ने जोरदार किक मारी तो फुटबाल फिर उसी गड्ढे में जा गिरा। मीकू को ही गड्ढे में घुस कर फुटबाल निकाल कर लाना पड़ा।

मैदान के किनारे एक पेड़ था। पेड़ के पास ही एक नल था। जो भी बच्चे मैदान में खेलते, अगर थक जाते तो सुस्ताने के लिए पेड़ के नीचे जाकर बैठ जाते और प्यास लगती तो नल का ठंडा पानी पीते।

नल के पास ही एक गड्ढा था जिसमें नल का पानी बह कर जमा हो जाता था। चारों दोस्तों को उस गड्ढे के कारण फुटबाल खेलते समय रोज परेशान होना पड़ता था। उनके कपड़े भी खराब हो जाते थे।

जिसकी भी किक से फुटबाल गड्ढे में जा गिरता, फुटबाल उसी को बाहर निकाल कर लाना पड़ता था।

एक दिन गबदू गधे ने कहा, 'या तो गड्ढे को मिट्टी डालकर भर दो या वहां जो नल है, उसे बंद कर दो।'



'गबदू ने फिर कहा, मेरे विचार से नल को ही बंद कर देना चाहिए।'

तीनों की बातें सुनकर चीकू कुछ सोच रहा था।

'चीकू तुम क्या सोच रहे हो? तुम भी तो कुछ बोलो न' तीनों एक साथ बोले।

चीकू बहुत समझदार था। कुछ भी करने या कहने से पहले वह अच्छी तरह सोच विचार कर लेता था।

कुछ देर सोचकर चीकू ने जवाब दिया, 'यह ठीक है कि हम लोगों को उस गड्ढे के कारण बहुत परेशानी होती है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि हम नल को ही बंद कर दें। नल वहां होने से हमें पानी पीने दूर नहीं जाना पड़ता है।'

'पानी तो हम नदी के किनारे भी जा कर पी सकते हैं।'

'नदी यहां से कितनी दूर है, तुम्हें पता है?' चीकू ने कहा, 'वहां जाने में 15 मिनट लगते हैं।'

'तो क्या हुआ। पानी पीने के लिए 15 मिनट चल नहीं सकते'। तीनों ने तर्क पेश किया।

इन लोगों को इस नल का महत्त्व तभी पता चलेगा जब इन्हें पानी पीने रोज नदी पर जाना पड़ेगा। यह सोचकर चीकू ने कहा, 'नल को बंद करने के पहले एक बार फिर अच्छी तरह सोच लो।'

हमने सोच लिया है। हम नल को बंद कर देंगे। तीनों एक साथ बोले।

तीनों ने नल की टोंटी खोली और पाइप में लकड़ी का टुकड़ा डालकर उसे बंद कर दिया।

अगले दिन खेलने के बाद चारों को प्यास लगी। तभी मीकू बंदर ने कहा, 'चलो, नदी के किनारे पानी पीने चलते हैं।'

चीकू बोला, 'तुम लोग जाओ, मैं घर से पानी की बोतल साथ लाया हूं' इतना कहकर वह मैदान के किनारे रखे अपने बैग से बोतल निकाल कर पानी पीने लगा।

तीनों नदी की तरफ चल दिए।

इधर पानी पी कर चीकू सुस्ताने लगा।

करीब 20 मिनट के बाद तीनों पानी पी कर लौटे। वे फिर खेलने लगे।

इस तरह तीनों को पानी पीने रोज नदी के किनारे जाना पड़ता था। आने जाने में वे थक जाते थे। उनसे ठीक से खेला नहीं जाता था।

एक दिन चारों खेल रहे थे कि तभी गबदू गधा बेहोश हो कर गिर पड़ा।

'जल्दी से पानी लाओ,' मीकू बंदर घबरा कर बोला, 'इसके मुंह पर पानी के छींटे मारने से इसे होश आएगा।'

'अरे चीकू, तुम्हारे पास तो पानी की बोतल है न,' डंकू सियार ने कहा, 'जल्दी से ले कर आओ।'

'पानी तो पी कर मैंने खत्म कर दिया, 'चीकू बोला, 'खाली बोतल ले कर जाओ और नदी से पानी भर कर ले आओ।'

चीकू से बोतल लेकर डंकू नदी की तरफ दौड़ा। 15 मिनट बाद वह पानी ले कर लौटा।

मीकू ने गबदू के मुंह पर छींटे मारे तो वह होश में आया।

'आज अगर नल चालू होता तो पानी लाने नदी पर नहीं जाना पड़ता, 'चीकू ने कहा, 'डंकू को पानी लाने में अगर थोड़ी देर हो जाती तो गबदू की जान भी जा सकती थी।'

तीनों को लगा कि चीकू ठीक कहता है। नल का मैदान के किनारे होना बहुत जरूरी है।

'चीकू, हमने फैसला किया है कि हम आज ही नल को फिर से चालू कर देंगे,' मीकू बंदर ने कहा, 'नल का यहां होना बहुत जरूरी है।' (उर्वशी)

## मेहनती परी

एक घने जंगल में परी रानी सिया अपने परिवार के साथ रहती थी। वह बहुत मेहनती थी और हमेशा अपने काम को लगन से करती थी। एक दिन जंगल में सूखा पड़ गया, जिससे पक्षी और जानवर प्यासे रहने लगे। परियों ने सोचा कि वे जादू से पानी ला सकती हैं, लेकिन सिया ने कहा, हमें खुद हल निकालना होगा।

सिया ने सबको संगठित किया और पहाड़ों से पानी लाने के लिए छोटी नहरें खोदने का सुझाव दिया। धीरे-धीरे सभी ने मेहनत करके नहर बनाई और पास की नदी का पानी जंगल तक पहुँचा दिया। इससे जंगल फिर से हरा-भरा हो गया और सभी जीवों को पानी मिल गया। इस तरह मेहनत और एकता से समस्या हल हो गई।

## ईमानदार परी और खोया हुआ हिरन

नील परी एक बहुत ही ईमानदार और दयालु परी थी। एक दिन जंगल में उसे एक छोटा सा हिरन मिला जो अपनी माँ से बिछड़ गया था। नील परी चाहती तो उसे अपने पास रख सकती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया।

उसने जंगल में घूम-घूमकर हिरन की माँ को खोजा। बहुत समय बाद उसे हिरन की माँ मिली, जो बहुत परेशान थी। नील परी ने छोटे हिरन को उसकी माँ से मिलवा दिया। माँ हिरन की आँखों में खुशी के आँसू थे। नील परी को बहुत संतोष मिला कि उसने सच्चाई और ईमानदारी से काम किया।

# मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार, शाहरुख-रानी-मैसी को राष्ट्रीय सम्मान

## सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'कटहल' को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में मलयालम अभिनेता मोहनलाल को दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया। शाहरुख खान, रानी मुखर्जी और विक्रांत मैसी को पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। समारोह में 'जवान' के लिए शाहरुख खान, 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' के लिए रानी मुखर्जी और 'ट्वेल्थ फेल' के लिए विक्रांत मैसी को सर्वश्रेष्ठ अभिनय का सम्मान दिया गया। विधु विनोद चोपड़ा की 'ट्वेल्थ फेल' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म और करण जौहर व अपूर्व मेहरा की 'रॉकी और रानी की कहानी' को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय मनोरंजन फिल्म चुना गया।'द केरला स्टोरी' के निर्देशक सुदीप्तो सेन को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। वहीं मेघना गुलजार की 'सैम बहादुर' को राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाली सर्वश्रेष्ठ फिल्म घोषित किया गया। समारोह में राष्ट्रपति ने भारतीय सिनेमा की विविधता, महिला-केंद्रित फिल्मों और रचनात्मकता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय सिनेमा अनेक भाषाओं, बोलियों और स्थानीय परिवेश में निरंतर आगे बढ़ रहा है। तकनीकी व अन्य श्रेणियों में वैभवी मर्चेंट को 'ढिंढोरा बाजे' के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी और शिल्पा राव को 'चलेया' (जवान) के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायन का पुरस्कार दिया गया।

### सिनेमा केवल उद्योग नहीं, समाज को जागृत करने का सशक्त माध्यम भी: राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में फिल्मकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिनेमा केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि समाज और देश को जागृत करने का माध्यम भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि सिनेमा नागरिकों को अधिक संवेदनशील बनाने में भूमिका निभाता है। मुर्मू ने कहा, ''सिनेमा सिर्फ एक उद्योग नहीं है; यह समाज और राष्ट्र को जागृत करने और नागरिकों को अधिक संवेदनशील बनाने का एक सशक्त माध्यम भी है। किसी फिल्म के लिए लोकप्रियता अच्छी बात हो सकती है, लेकिन जनहित, खासकर युवा पीढ़ी के हित का ध्यान रखना उससे भी बड़ा गुण है।''

# जुबिन गर्ग का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**गुवाहाटी :** गायक जुबिन गर्ग का गुवाहाटी के बाहरी इलाके कमरकुची वन क्षेत्र में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गर्ग की बहन पाल्मे बोरठाकुर और संगीतकार राहुल गौतम ने तोपों की सलामी के बीच चिता को अग्नि दी। राहुल गौतम, जुबिन के शिष्य हैं। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान पुजारियों के मार्गदर्शन में गर्ग की बहन और उनके शिष्य ने चिता की सात बार परिक्रमा की और इस दौरान वहां मौजूद सभी लोग खड़े हो गए और नम आंखों से उन्होंने अपने प्रिय कलाकार को अंतिम श्रद्धांजलि दी तीन दशक के अपने करियर में गर्ग ने 38,000 से अधिक गीत गाए और लोगों के दिलों में जगह बनाई। गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग अंतिम संस्कार के लिए बने चबूतरे के किनारे बैठी थीं और उनकी आखों से लगातार अश्रुधारा बह रही थी। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा उन्हें सांत्वना देते नजर आईं। गर्ग के 85 वर्षीय बीमार पिता मोहिनी मोहन बोरठाकुर परिवार के सदस्यों के साथ कुछ दूरी पर बैठे थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी जुबिन के प्रशंसकों में शामिल हैं और वह भी उस चबूतरे के पास खड़े देखे गए जहां पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। जैसे ही आग की लपटें आसमान की ओर उठीं, 'ज़ुबिन, ज़ुबिन' के नारे हवा में गूंजने लगे और लोग उनका गाना 'मायाबिनी रातिर बुकु' गाते नजर आए। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन हो गया। लोकप्रिय गायक को श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के बाद असम पुलिस ने उन्हें तोपों की सलामी दी और बिगुल बजाया। इससे पहले गर्ग के पार्थिव शरीर को एक चबूतरे पर ले जाया गया और वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच चिता पर रखा गया। परिवार ने कुछ वैदिक अनुष्ठान किए और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, किरेन रीजीजू और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने चिता पर लकड़ियां रखीं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली की रामलीला कमेटी ने पूनम पांडे को मंदोदरी के किरदार से हटाया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में लव कुश रामलीला कमेटी ने कुछ वर्गों के विरोध के बाद, इस साल की रामलीला में मंदोदरी की भूमिका निभाने से अभिनेत्री पूनम पांडे को हटाने का फैसला किया है। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने यहां 'कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब ऑफ इंडिया' में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''किसी कलाकार का मूल्यांकन उसके काम से होना चाहिए, न कि उसके अतीत से। जनभावना को ध्यान में रखते हुए निर्णय की समीक्षा की गई।'' कुमार ने कहा, ''समाज में हर महिला की एक भूमिका होती है और उसे अपमानित नहीं किया जाना चाहिए। शुरुआत में, हमें लगा कि पूनम पांडे, मंदोदरी का सकारात्मक किरदार निभा सकती हैं। लेकिन कुछ वर्गों के विरोध को ध्यान में रखते हुए हमें इस पर पुनर्विचार करना पड़ा।''

### हिमाचल प्रदेश में ट्रक पलटने से पंजाब के चार श्रद्धालुओं की मौत, 20 घायल

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले स्थित एक मंदिर जाते समय मंगलवार को ढलियारा के निकट एक ट्रक के पलट जाने से पंजाब के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 20 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। श्रद्धालु चामुंडा देवी मंदिर जा रहे थे। यह दुर्घटना रानीताल-मुबारिकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढलियारा के पास हुई जब चालक ने ट्रक पर से अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क पर पलट गया, जिससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान कुलदीप सिंह, जसमेल सिंह, गोल्डी और जगसीर सिंह के रूप में हुई है। ये सभी पंजाब के बठिंडा के रहने वाले थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निकाला और मृतकों के शव बरामद किये। घायलों को देहरा के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से छह लोगों को आगे के इलाज के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा भेज दिया गया।

### पंजाब के नशा विरोधी अभियान में 205 दिनों में 30,500 से ज़्यादा तस्कर गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत पिछले 205 दिनों में पूरे प्रदेश में 30,500 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पंजाब से नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए शुरू किए गए अभियान 'युद्ध नशियां विरुद्ध' ने सोमवार को 205 दिन पूरे कर लिए। पंजाब पुलिस ने सोमवार को 395 जगहों पर छापेमारी की, जिसके बाद राज्य भर में 59 प्राथमिकी दर्ज कर 81 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 205 दिनों में अब तक गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की संख्या 30,540 तक पहुंच गई है।

## महाराष्ट्र सरकार नौ गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पांच लाख रुपये से अधिक देगी

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं से आरक्षित निधि का उपयोग नौ ऐसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें लागत पांच लाख रुपये से अधिक है। यह निर्णय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि विस्तारित महात्मा ज्योतिराव फुले जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत दावा निपटान का 20 प्रतिशत अब राज्य स्वास्थ्य आश्वासन सोसायटी द्वारा प्रबंधित आरक्षित निधि में स्थानांतरित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि इस कोष में यकृत, फेफड़े, हृदय और अस्थि मज्जा प्रतिरोपण जैसी महंगी प्रक्रियाएं शामिल होंगी, जो वर्तमान में पांच लाख रुपये की सीमा के अंतर्गत नहीं आती हैं। राज्य सरकार यकृत प्रतिरोपण के लिए 22 लाख रुपये तक, फेफड़े या संयुक्त हृदय-फेफड़े प्रतिरोपण के लिए 20 लाख रुपये, हृदय प्रतिरोपण के लिए 15 लाख रुपये, विभिन्न अस्थि मज्जा प्रतिरोपण के लिए 9.5 से 17 लाख रुपये तथा ट्रांसकैथेटर महाधमनी वाल्व प्रतिरोपण (टीएवीआई) और ट्रांसकैथेटर महाधमनी वाल्व प्रतिस्थापन (टीएमवीआर) हृदय वाल्व प्रक्रियाओं के लिए 10-10 लाख रुपये तक का खर्च वहन करेगी।

## सभी वायु रक्षा प्रणालियों की संयुक्त रूप से जननी होगी 'सुदर्शन चक्र' प्रणाली: एयर मार्शल दीक्षित

**नयी दिल्ली :** सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि भारत की प्रस्तावित वायु रक्षा प्रणाली 'सुदर्शन चक्र' ''सभी वायु रक्षा प्रणालियों की जननी'' होगी और इसमें ड्रोन-रोधी, यूएवी-रोधी और हाइपरसोनिक-रोधी प्रणालियां शामिल होंगी। यहां 'यूएवी-रोधी और वायु रक्षा प्रणालियां: आधुनिक युद्ध का भविष्य' विषय पर आयोजित सम्मेलन में अपने संबोधन में, एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख (सीआईएससी) एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने यह भी कहा कि दुश्मन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से सबक सीखा है और इसलिए सैन्य सोच और योजना में ''हमें उनसे दो कदम आगे रहना होगा''। इस कार्यक्रम में



वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों, रक्षा उद्योग की विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों और क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। एयर मार्शल दीक्षित ने हाल में हुए अजरबैजान-आर्मेनिया संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध और इस बात का उल्लेख किया कि कैसे अपेक्षाकृत सस्ते ड्रोनों ने दूसरे पक्ष की महंगी सैन्य संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि उन्होंने एक 'नवाचार अनुकूलन चक्र' बनाया है और भारतीय उद्योग, थिंक-टैंक और शिक्षाविदों का काम 'दो कदम आगे' सोचना होना चाहिए, ताकि वे प्रतिद्वंद्वी से आगे निकल सकें, क्योंकि यह 'शतरंज के खेल' जैसा है। उन्होंने रक्षा उद्योग जगत से आग्रह किया कि 'मेक इन इंडिया' की तरह, आपको 'थिंक इन इंडिया' शुरू करना होगा और विचार उत्पन्न करने होंगे।

## छत्तीसगढ़: ईओडब्ल्यू ने सौम्या चौरसिया की आठ करोड़ रुपये मूल्य की 16 संपत्तियां कुर्क कीं

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यालय में उप सचिव पद पर तैनात रही सौम्या चौरसिया की आठ करोड़ रुपये मूल्य की 16 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यवाही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई है, जिसमें लोक सेवक द्वारा आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने की स्थिति में संपत्तियों को कुर्क करने का प्रावधान है। यह ईओडब्ल्यू द्वारा इस प्रकार की पहली कार्रवाई है। रायपुर की विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) ने सौम्या चौरसिया द्वारा



अर्जित की गई 16 बेनामी अचल संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया। ईओडब्ल्यू ने जुलाई 2024 में चौरसिया के विरुद्ध आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान यह सामने आया कि उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपये मूल्य की 45 अचल संपत्तियां अपने करीबी रिश्तेदारों सौरभ मोदी, अनुराग चौरसिया एवं अन्य के नाम पर खरीदी थीं।

## पैसों की वसूली के लिए अदालतें रिकवरी एजेंट की तरह काम नहीं कर सकतीं : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतें वसूली (रिकवरी) एजेंट के रूप में कार्य नहीं कर सकतीं तथा उसने किसी विवाद में पक्षकारों द्वारा दीवानी विवादों को आपराधिक मामलों में बदल देने की प्रवृत्ति की निंदा की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ कहा कि बकाया राशि की वसूली के लिए गिरफ्तारी की धमकी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। यह हालिया प्रवृत्ति बन गई है कि पक्षकार धन की वसूली के लिए आपराधिक मामले दर्ज कराते हैं, जबकि यह पूरी तरह से दिवानी विवाद होता है। उच्चतम न्यायालय



ने ये टिप्पणियां सोमवार को उत्तर प्रदेश से जुड़े एक आपराधिक मामले में कीं, जहां धन की वसूली के विवाद में एक व्यक्ति पर अपहरण के आरोप लगाए गए थे। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा कि इस तरह की शिकायतों में वृद्धि हुई है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे मामलों में पुलिस बीच में फंस जाती है क्योंकि यदि वह संज्ञेय अपराध का मामला होते हुए भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करती तो अदालत उसे फटकार लगाती है, और यदि दर्ज करती है तो पक्षपात का आरोप लगाया जाता है और यह कहा जाता है कि पुलिस ने विधिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर इन शिकायतों में धन की वसूली के विवाद को आपराधिक मामले का रूप दे दिया जाता है।

## 'अलविदा घुसपैठियों' : हिमंत शर्मा ने 37 अवैध बांग्लादेशियों को वापस भेजने पर कहा

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि 37 अवैध बांग्लादेशियों को असम से ''वापस भेज'' दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी घुसपैठियों से इसी तरह निपटा जाएगा। शर्मा ने



'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अलविदा घुसपैठियों, असम में आपका समय समाप्त। 37 अवांछित मेहमानों को श्रीभूमि सेक्टर से उनके अपने वतन बांग्लादेश वापस भेज दिया गया है।'' इसके साथ ही उन्होंने पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की धुंधली तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने लिखा, ''सभी को पहले ही बता दूं -सभी अवांछित मेहमानों के साथ यही बर्ताव किया जाएगा।'' अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह अभियान कब चलाया गया। शर्मा ने पहले कहा था कि उनकी सरकार राज्य को घुसपैठ मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और हर सप्ताह कम से कम 35-40 लोगों को ''वापस भेजा'' जा रहा है।

## लद्दाख में सामरिक 'हानले-चुमार' सड़क आम जनता के लिए खुली: सेना

**लेह :** लद्दाख में हानले को सीमावर्ती गांव चुमार से जोड़ने वाली एवं सामरिक महत्व की 91 किलोमीटर लंबी सड़क को आम जनता के लिए खोल दिया गया है। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह मार्ग 14,500 फुट से लेकर 17,200 फुट तक की अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जिसमें 'साल्सा ला' दर्रा भी शामिल है। सेना ने अपने आधिकारिक हैंडल पर कहा, ''सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 'हिमांक परियोजना' के तहत निर्मित हानले को सीमावर्ती गांव चुमार से जोड़ने वाली 91 किलोमीटर लंबी सड़क को लद्दाख में जनता के लिए खोल दिया गया है। सेना ने कहा, ''यह सड़क सीमा पर सशस्त्र बलों के लिए रणनीतिक संपर्क प्रदान करने के साथ-साथ हानले वेधशाला, 'क्यून त्सो' झील, 'चिलिंग त्सो' झील और आगे 'त्सो मोरीरी' जैसे आकर्षणों को जोड़कर क्षेत्र में स्थानीय संपर्क और पर्यटन को भी सुविधाजनक बनाएगी।''

## भाजपा सांसद सुधाकर की पत्नी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिये गंवाये 14 लाख रुपये, रकम वापस

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वो 14 लाख रुपये वापस करा दिये हैं जो चिक्काबल्लापुरा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद के. सुधाकर की पत्नी प्रीति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे ऐंठ लिए गए थे। पुलिस के अनुसार, यह घटना 26 अगस्त को हुई थी। 'डिजिटल अरेस्ट' एक साइबर घोटाला है जिसमें धोखेबाज पुलिस या प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारियों का रूप धारण करते हैं और पीड़ितों को व्हाट्सऐप वीडियो कॉल के माध्यम से यह दावा करते हुए धमकाते हैं कि उन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। बेंगलुरु के बसवेश्वरनगर निवासी प्रीति (44) को साइबर धोखेबाजों से एक व्हाट्सऐप कॉल आयी, जिसमें उन्होंने खुद को मुंबई साइबर अपराध पुलिस का अधिकारी बताया। जालसाजों ने प्रीति को बताया कि उनके बैंक खाते से अवैध रूप से पैसे ट्रांसफर हुए हैं। वे उनके पैसे को सत्यापन के लिए आरबीआई भेजेंगे और 45 मिनट के भीतर उसे उनके खाते में वापस ट्रांसफर कर देंगे। जालसाज़ों ने यह भी कहा कि अगर वह उनके बताए गए खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं करती, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कैटरीना कैफ और विक्की कौशल के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

**नयी दिल्ली :** बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और उनके पति विक्की कौशल ने मंगलवार को घोषणा की कि उनके घर में पहली संतान आने वाली है। दंपति ने यह खुशखबरी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की। दोनों ने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें दोनों बेहद प्रसन्न नजर आ रहे हैं। उन्होंने पोस्ट के शीर्षक में लिखा हम अपनी ज़िंदगी के सबसे खूबसूरत अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं, दिलों में अपार खुशी और आभार के साथ। कैटरीना और विक्की ने नौ दिसंबर,



2021 को राजस्थान में एक निजी समारोह में शादी की थी। विक्की कौशल हाल में ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' में नजर आए थे और वह जल्द ही संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।

## बुलडोजर फैसले से बहुत संतुष्टि मिली क्योंकि यह मानवीय समस्याओं से निपटता है: सीजेआई गवई

**नयी दिल्ली :** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने कहा है कि बुलडोजर कार्रवाई पर उनके फैसले से उन्हें ''अत्यधिक संतुष्टि'' मिली है, क्योंकि यह ''मानवीय समस्याओं'' से निपटता है। न्यायमूर्ति गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की उच्चतम न्यायालय की पीठ ने 13 नवंबर 2024 को ''बुलडोजर न्याय'' की तुलना एक अराजक स्थिति से की थी और देशभर के लिए दिशानिर्देश निर्धारित किये थे। शीर्ष न्यायालय के वकीलों के एक शैक्षणिक समूह द्वारा 19 सितंबर को आयोजित एक अभिनंदन समारोह में सीजेआई गवई ने कहा कि उन्हें लगभग छह महीने तक न्यायमूर्ति विश्वनाथन के साथ पीठ साझा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि बुलडोजर से जुड़ा निर्णय, उन निर्णयों में से एक है जिसने हम दोनों को अत्यधिक संतुष्टि दी। इस निर्णय के मूल में मानवीय समस्याएं और मानव द्वारा सामना की जाने वाली समस्याएं थीं। परिवार को केवल इसलिए परेशान किया जा रहा था कि उसके सदस्य या तो अपराधी या कथित अपराधी हैं।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि, इसका श्रेय उन्हें ही जाता है, लेकिन इस फैसले को लिखने का बराबर का श्रेय न्यायमूर्ति विश्वनाथन को भी जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीजेआई के कार्यकाल का न्याय प्रशासन पर कोई असर नहीं पड़ता। सीजेआई ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि प्रधान न्यायाधीश के कार्यकाल का न्याय प्रशासन की दक्षता से कोई सीधा संबंध है। हमारे पास ढाई महीने तक न्यायमूर्ति ललित और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना जैसे सर्वश्रेष्ठ प्रधान न्यायाधीश रहे हैं, जिन्होंने अपनी छाप छोड़ी है तथा वे न्याय प्रदान करने और (न्याय) प्रशासन में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं।'' प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि उन्होंने न्याय की बेहतरी और देश भर में न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।

## दुर्गा पूजा, नवरात्रि में छोटे-छोटे गाँव-कस्बों से डोंगरगढ़ पहुँच को आसान बनाएगी पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन

**बिलासपुर, समाज्ञा :** नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन (06883/06884) का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 06884 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन कोरबा से प्रतिदिन 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 05.30 बजे प्रस्थान कर दोपहर 14.21 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06883 पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी से प्रतिदिन 25 सितम्बर से 03 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 05.00 बजे प्रस्थान कर 09.50 बजे डोंगरगढ़ पहुंचेगी । इस स्पेशल मेमू ट्रेन के परिचालन का उद्देश्य दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि मेले के दौरान श्रद्धालु यात्रियों के लिए डोंगरगढ़ पहुँचना और भी आसान, सुरक्षित, किफायती एवं सुविध-ाजनक बनाना है । इस ट्रेन का ठहराव मार्ग के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों में दिया गया है, ताकि गाँव-कस्बों के यात्री भी आसानी से माँ बमलेश्वरी देवी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ पहुँच सकें । नवरात्रि मेले में श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा कई प्रकार की व्यवस्थाएँ की गई हैं । रायपुर से डोंगरगढ़ के मध्य मेमू स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । अनेक ट्रेनों का विस्तार डोंगरगढ़ से रायपुर एवं डोंगरगढ़ से गोंडिया तक किया गया है । साथ ही अनेक मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव डोंगरगढ़ स्टेशन पर दिया गया है, ताकि श्रद्धालु यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे आसानी से माँ बमलेश्वरी देवी के दर्शन कर सकें । यह पूजा स्पेशल मेमू ट्रेन विशेष रूप से छोटे स्टेशनों से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को सहूलियत प्रदान करेगी । कोरबा व नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी स्टेशनों से डोंगरगढ़ तथा डोंगरगढ़ से माँ बमलेश्वरी देवी के दर्शन पश्चात पुनः कोरबा व नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी लौटना इस ट्रेन के माध्यम से और भी सहज हो जाएगा ।

## ईडी ने सत्येन्द्र जैन के खिलाफ बेनामी मामले में सात करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने कथित बेनामी संपत्ति से जुड़े धन शोधन मामले के तहत आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के ''लाभकारी स्वामित्व व नियंत्रण'' वाली कंपनियों की करीब 7.44 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क की हैं। यह ताजा जब्ती ऐसे समय हुई है, जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में आयकर विभाग के एक मामले कहा था कि जैन के करीबी सहयोगी - अंकुश जैन और वैभव जैन - उनके बेनामी धारक थे और उन्होंने आय प्रकटीकरण योजना (आईडीएस), 2016 के तहत



अग्रिम कर के रूप में बैंक ऑफ बड़ौदा, भोगल शाखा में 7.44 करोड़ रुपये नकद जमा किए थे। उसने कहा, माननीय उच्चतम न्यायालय ने उनकी (आरोपियों की) विशेष अनुमति याचिकाएं और समीक्षा याचिकाएं खारिज कर दीं, जिससे (उच्च न्यायालय का) निष्कर्ष अंतिम हो गया। वर्ष 2016 की आईडीएस केंद्र सरकार द्वारा लायी गई थी, जिसके तहत अवैध रूप से कर चोरी करने वाले घरेलू आय और संपत्ति धारकों को कर और 45 प्रतिशत जुर्माना अदा करके पाक-साफ़ होने का एक बार का मौका दिया गया था। ईडी ने आरोप लगाया कि आईडीएस के तहत अंकुश जैन और वैभव जैन ने अकिंचन डेवलपर्स, प्रयास इन्फोसॉल्यूशंस, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स और इंडो मेटल इम्पेक्स जैसी कंपनियों के खातों में 2011 और 2016 के बीच प्राप्त 16.53 करोड़ रुपये की आय या संपत्ति के लाभकारी स्वामित्व का दावा किया। एजेंसी ने कहा कि ये इकाइयां सत्येन्द्र कुमार जैन के स्वामित्व और नियंत्रण में थीं। आम आदमी पार्टी (आप) के 60 वर्षीय नेता ने कहा है कि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है और वे राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार हुए हैं। ईडी ने कहा कि उसने यह जानकारी सीबीआई के साथ साझा की है, जिसने दिसंबर 2018 में सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में आरोपपत्र दाखिल किया था।

### ईडी ने भूमि 'घोटाले' के संबंध में झारखंड, दिल्ली में छापे मारे

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन की जांच के तहत झारखंड और दिल्ली में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत रांची में कम से कम छह और दिल्ली में तीन परिसरों पर छापेमारी की। जिन परिसरों पर छापेमारी की जा रही है, वे मुख्य आरोपी कमलेश कुमार के कथित सहयोगी बी.के. सिंह और कुछ अन्य व्यक्तियों से जुड़े हैं। यह मामला रांची जिले के कांके ब्लॉक में कथित भूमि घोटाले से संबंधित है, जहां यह दावा किया गया था कि आरोपियों ने सर्किल अधिकारियों के साथ साजिश करके भूमि अभिलेखों में ''जालसाजी'' की और उन्हें बेचकर ''अपराध से आय'' अर्जित की।

## दिल्ली में नाइजीरियाई नागरिक समेत दो तस्कर गिरफ्तार, दो करोड़ रुपये की एमडीएमए बरामद

नयी दिल्ली : दिल्ली में नाइजीरिया के एक नागरिक सहित दो कथित मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की एमडीएमए बरामद की गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस की गिरफ्त से भागने की कोशिश करते समय नाइजीरियाई नागरिक के पैर की हड्डी टूट गई।

## आनलाइन सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी ने युवराज सिंह का बयान दर्ज किया



**नयी दिल्ली:** भारत के पूर्व स्टार क्रिकेटर युवराज सिंह आनलाइन सट्टेबाजी ऐप 'वनबेट' से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिये प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष मंगलवार को पेश हुए। सफेद टीशर्ट और जींस पहने 43 वर्ष के युवराज दोपहर बारह बजे एजेंसी के दफ्तर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने इस हरफनमौला से पूछताछ की और धन शोधन निरोधक अधिनियम के तहत उनके बयान दर्ज किये। एक इन्फ्लुएंसर अन्वेशी जैन भी इसी मामले में पूछताछ के लिये ईडी के समक्ष पेश हुई। ईडी इससे पहले क्रिकेटर सुरेश रैना, शिखर धवन, रॉबिन उथप्पा, टीएमसी की पूर्व सांसद और बांग्ला अभिनेत्री मिमि चक्रवर्ती, अभिनेता अंकुश हाजरा से भी पूछताछ कर चुका है। अभिनेता सोनू सूद को बुधवार को पूछताछ के लिये बुलाया गया है। इस सट्टेबाजी ऐप के संचालन की जांच ईडी की ऐसे प्लेटफार्मों के खिलाफ व्यापक जांच का हिस्सा है, जिन पर करोड़ों रुपये की ठगी करने और कथित तौर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों की भारी मात्रा में चोरी करने के आरोप हैं। इस जांच के तहत आने वाले दिनों में एजेंसी द्वारा कुछ अन्य खिलाड़ियों, फिल्म अभिनेताओं, ऑनलाइन प्रभावशाली व्यक्तियों और मशहूर हस्तियों से पूछताछ किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार ईडी जल्द ही इस मामले में उन लोगों की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर सकता है जो ऐप की प्रचार गतिविधियों से अर्जित कथित आपराधिक आय का इस्तेमाल करते पाए गए हैं। बाद में अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा।

## आज भारत और बांग्लादेश के मुकाबले में स्पिनरों पर रहेंगी नजरें



**दुबई:** पाकिस्तान को एक तनावपूर्ण मैच में हराने के बाद भारतीय टीम एशिया कप सुपर 4 चरण के अगले मैच में बुधवार को बांग्लादेश से खेलेगी तो भी तनाव कम नहीं रहेगा और इस मुकाबले में नजरें दोनों टीमों के स्पिनरों पर रहने वाली हैं। आंकड़ों के आधार पर देखा जायेगा तो यह मुकाबला भी एकतरफा रहने की उम्मीद है क्योंकि दोनों टीमों के बीच 17 टी20 मैचों में से बांग्लादेश एक ही जीत सका है। वनडे विश्व कप 2015 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर रोहित शर्मा को संदेह का लाभ देते हुए 'नॉट आउट' करार दिये जाने के बाद से दोनों टीमों के मुकाबले तनाव से भरे रहे हैं। शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद से भारत के बांग्लादेश के साथ राजनयिक संबंध भी तनावपूर्ण रहे हैं। बीसीसीआई ने इस साल अगस्त में बांग्लादेश में होने वाली सफेद गेंद की श्रृंखला भी 2026 तक स्थगित कर दी बशर्ते वहां लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार सत्तारूढ हो। कागजों पर बांग्लादेशी टीम भारत के सामने कहीं नहीं ठहरती और सूर्यकुमार यादव की टीम एक और शानदार जीत की प्रबल दावेदार है। लेकिन इस प्रारूप में कुछ भी कयास लगाना संभव नहीं है और बांग्लादेश के स्पिनर बेहतर प्रदर्शन करके पासा पलट भी सकते हैं। बल्लेबाजी में हालांकि बांग्लादेश का भारत से कोई मुकाबला नहीं है। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा शानदार फॉर्म में हैं और 210 की स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। वहीं शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद स्ट्राइक रेट 158 के आसपास है। बांग्लादेश के दो सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज कप्तान लिटन दास (129 प्लस) और तौहीद हृदय (124 प्लस) के आंकड़े भी दमदार नहीं हैं।

## आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग स्मृति शीर्ष पर बरकरार, दीप्ति पांचवें स्थान पर पहुंची



**दुबई:** भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की महिला एकदिवसीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गईं जबकि स्मृति मंधाना ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग के साथ बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की श्रृंखला में दो शानदार शतक जड़े। गुवाहाटी में 30 सितंबर से शुरू हो रहे विश्व कप से पूर्व हुई इस श्रृंखला को हालांकि मेहमान टीम ने 2-1 से जीता। स्मृति करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 रेटिंग अंक पर पहुंच गई हैं। दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो विकेट लिए जिससे भारतीय ऑफ स्पिनर 651 अंक के साथ दो स्थान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे महिला वनडे में धीमी ओवरगति के लिये भारत पर जुर्माना

**नयी दिल्ली:** आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में धीमी ओवरगति के लिये भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर मंगलवार को मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। मेजबान भारत को स्मृति मंधाना के 125 रन के बावजूद 43 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। आस्ट्रेलिया ने यह श्रृंखला 2 . 1 से जीती। आईसीसी अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी। आईसीसी ने एक बयान में कहा ,'धीमी ओवर के अपराध के संबंध में खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिये आईसीसी आचार संहिता की धारा 2 . 22 के तहत खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिये मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जायेगा।'

## सुथार के पांच विकेट से भारत 'ए' ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' को नौ विकेट पर 350 रन पर रोका



**लखनऊ:** बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के पांच विकेट के दम पर भारत 'ए' ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया 'ए' की बल्लेबाजी को ध्वस्त करते हुए नौ विकेट पर 350 रन पर रोक दिया। सुथार ने 93 रन देकर पांच विकेट लिए। तेज गेंदबाज गुरनूर बरार ने दो जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक विकेट हासिल किया। श्रेयस अय्यर के हटने के बाद ध्रुव जुरेल इस मैच में भारत ए की कप्तानी कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला से पहले सिराज और केएल राहुल ने भी इस मैच से इंग्लैंड दौरे के बाद खेल में वापसी की। सिराज ने 13 ओवर में 73 रन खर्च किये जबकि प्रसिद्ध ने अपने 14 ओवरों में चार मेडन डालते हुए 63 रन खर्च किये। प्रसिद्ध ने चौथे ओवर में कैंपबेल केलवे को नौ रन पर आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई लेकिन सिराज ने पहले अनौपचारिक टेस्ट के शतकवीर और ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज सैम कोनस्टास को 49 रन पर एन जगदीशन के हाथों कैच कराकर भारतीय खिलाड़ियों को जश्न मनाने का मौका दिया। कोनस्टास एक अच्छी शुरुआत के बाद अर्धशतक से चूक गए, लेकिन तीसरे नंबर पर आए ऑस्ट्रेलिया के दूसरे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने बरार की गेंद पर विकेट गंवाने से पहले 162 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 74 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया 'ए' एक समय दो विकेट पर 144 रन विकेट के साथ अच्छी स्थिति में था लेकिन मानव सुथार ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर टीम को दबाव में डाल दिया। राजस्थान के इस बाएं हाथ के स्पिनर ने चौथे नंबर के बल्लेबाज ओलिवर पीक को 29 रन पर बोल्ड किया और फिर कूपर कॉनॉली को खाता खोलने से पहले ही जगदीशन के हाथों दूसरे ही गेंद पर कैच कराया।

### अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 12 से 18 नवंबर के बीच केरल में आस्ट्रेलिया से खेल सकती है

**तिरूवनंतपुरम:** लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि अर्जेंटीना के सहयोगी स्टाफ का एक सदस्य बुधवार को आयोजन स्थल के मुआयने के लिये कोच्चि आ सकता है। अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आयेगी। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने पिछले महीने अपने आधिकारिक एक्स हैंडिल पर लिखा ,'लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 2025 में फीफा दोस्ताना मैच खेलेगी।

## महान अंपायर डिकी बर्ड का 92 साल की उम्र में निधन



**लंदन:** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था। यॉर्कशर काउंटी क्लब ने यहां जारी बयान में कहा, 'यॉर्कशर काउंटी क्रिकेट क्लब को बड़े दुख के साथ यह घोषणा करनी पड़ रही है कि क्रिकेट के सबसे चहेते लोगों में से एक हेरोल्ड डेनिस 'डिकी' बर्ड एमबीई ओबीई का 92 वर्ष की आयु में अपने घर पर निधन हो गया।' उन्होंने कहा, 'वह अपने पीछे खेल भावना, विनम्रता और खुशी की विरासत के साथ कई पीढ़ियों के प्रशंसकों की एक फौज छोड़ गये हैं।'

### जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में 18 देशों के 208 निशानेबाज हिस्सा लेंगे

**नयी दिल्ली:** मेजबान भारत डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में 69 निशानेबाजों का मजबूत दल उतारेगा। प्रतियोगिता में 18 देशों के 208 युवा निशानेबाज हिस्सा लेंगे। यहां 24 सितंबर से दो अक्टूबर तक होने वाली प्रतियोगिता में 15 ओलंपिक और दो गैर ओलंपिक स्पर्धाओं में निशानेबाजों की अगली पीढ़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी प्रतिभा का नजारा पेश करेगी। प्रतियोगिता में कुल 51 पदक दांव पर होंगे। अन्य प्रतिस्पर्धी देशों में अमेरिका (20), इटली (10), चेक गणराज्य (नौ), ईरान (आठ), क्रोएशिया (सात), ग्रेट ब्रिटेन (छह), संयुक्त अरब अमीरात (पांच), स्लोवाकिया (पांच), कतर (चार), ओमान (चार), स्पेन (आठ), फिनलैंड (तीन), नीदरलैंड (तीन), साइप्रस (तीन), न्यूजीलैंड (दो), सऊदी अरब (दो) के अलावा 40 व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) शामिल हैं।

## आरेडिका में खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन



**नयी दिल्ली:** रायबरेली : आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में 18 से 23 सितंबर तक आरेडिका खेलकूद संघ के तत्वावधान में साइकिल रैली, पैदल चाल, तैराकी, शतरंज आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना ने किया। तैराकी प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला वर्ग में पूजा पाल ने पहला, सुमन मिश्रा ने दूसरा और सोनी कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में चन्दन यादव ने प्रथम, सुनील कुमार सिंह ने द्वितीय तथा नन्दन प्रसाद ने तृतीय स्थान हासिल किया। रिले तैराकी में नन्दन प्रसाद की टीम विजेता रही। शतरंज प्रतियोगिता का सेमीफाइनल 23 सितंबर को अजय वर्धन, विजय कुमार, प्रभु कुमार सिंह और रामबाबू शर्मा के बीच खेला जाएगा। विजेता खिलाड़ी फाइनल में मुकाबला करेंगे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी. एल. मीना तथा खेलकूद अधिकारी, पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित सुधा सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए स्वच्छता का संदेश भी दिया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में संघ के सचिव अरविन्द कुमार, संयुक्त सचिव अमरजीत कुमार एवं पंकज राय सहित सभी सदस्य और कर्मचारीगणों का सराहनीय योगदान रहा।



## देश को ज्ञान, विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता का वैश्विक ब्रांड बनाने की जरूरत: प्रधान



**नयी दिल्ली:** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को एक मजबूत नवोन्मेष परिवेश के निर्माण में भारत की प्रगति का जिक्र किया और देश को ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के एक वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित करने की जरूरत बतायी। प्रधान ने नीति आयोग की रिपोर्ट... 'प्रगति के मार्ग: भारत की नवाचार गाथा का विश्लेषण और अंतर्दृष्टि' जारी करते हुए भारत के युवाओं, प्रतिभाओं और संस्थागत शक्तियों का उपयोग ऐसे नवोन्मेष को आगे बढ़ाने के लिए करने का आह्वान किया जो व्यापक और समावेशी दोनों हों। इसी कार्यक्रम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में नवोन्मेष व्यापक है और यह केवल अग्रणी प्रौद्योगिकियों तक ही सीमित नहीं है। सिंह ने अनुसंधान को आगे बढ़ाने, प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने और सभी क्षेत्रों में नवोन्मेषण के व्यावसायीकरण को सुगम बनाने के लिए सरकार के कदमों का जिक्र किया। उन्होंने समावेशी और संदर्भ-संचालित नवाचार के महत्व का जिक्र किया जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करते हुए वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और सतत, समान विकास को गति देने की भारत की समग्र क्षमता को मजबूत करता है। नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत ने भारत के विकास पथ को आकार देने में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया।

## कपड़ा व्यापार को गहरा करने के लिए ब्रिटेन की यात्रा पर हैं भारतीय प्रतिनिधिमंडल




**नयी दिल्ली:** शीर्ष अधिकारियों और निर्यातकों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल कपड़ा मूल्य श्रृंखला में देश की ताकत का प्रदर्शन करने और भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों को गहरा करने के लिए लंदन के दौरे पर है। मंगलवार को एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। गौरतलब है कि अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद, भारत अपने कपड़ा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 40 देशों के बाजारों पर नजर गड़ाए हुए है, जो परिधान निर्यात के सबसे बड़े बाजार हैं। ये 40 देश मिलकर लगभग 600 अरब डॉलर के कपड़ा और परिधान आयात का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भारत को अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए व्यापक अवसर प्रदान करता है। भारत, ब्रिटेन का चौथा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक देश है। वित्त वर्ष 2024-25 में ब्रिटेन को निर्यात 2.16 अरब डॉलर का रहा था, जो ब्रिटेन के आयात का 6.6 प्रतिशत हिस्सा है। भारत ने 24 जुलाई को ब्रिटेन के साथ एक व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए। यह देश का अबतक का सबसे महत्वाकांक्षी व्यापार समझौता है, जिसमें शुल्क से लेकर प्रौद्योगिकी तक 26 क्षेत्र शामिल हैं। भारत-ब्रिटेन सीईटीए जैसे समझौतों के तहत टिकाऊ पहल और बाजार पहुंच से प्रेरित होकर, भारत के समग्र कपड़ा निर्यात को वर्ष 2030 तक दो-गुना करने का लक्ष्य रखा गया है। एक सरकारी बयान में कहा गया, ''भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल कपड़ा मूल्य श्रृंखला में भारत की ताकत का प्रदर्शन करने और भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों को गहरा करने के लिए लंदन का दौरा कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल में सभी प्रमुख निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और प्रमुख निर्यातकों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट

### पूजा के लिए नायका फैशन से चुने हुए खास लुक्स : लाल रंग में मनाइए त्योहार

**कोलकाता, समाज्ञा :** जैसे ही ढाक की गूंज गलियों में गूँजती है, शिउली के फूलों की खुशबू ठंडी हवाओं में घुलती है और घर-आंगन भक्ति और उत्साह से भर जाते हैं-दुर्गा पूजा फिर से दस्तक देती है। यह एक ऐसा पर्व है जहाँ परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम दिखाई देता है। इसी भावनात्मक और सांस्कृतिक जोश को मनाने के लिए नायका फैशन पेश करता है अपना 'पुझो एडिट', जिसमें लाल रंग को केंद्र में रखते हुए परिधानों और एक्सेसरीज़ का खास चयन किया गया है। इस पावन अवसर पर, नायका फैशन का पुझो एडिट लाल रंग की शक्ति और सौंदर्य को परिधानों और आभूषणों के ज़रिए जीवंत करता है-कभी कविता-से बहते सिल्क में, कभी आधुनिक कट्स में और कभी ऐसे एक्सेसरीज़ में जो बिना कुछ कहे सब बयां कर दें।

### जीएसटी नोटिस की मौद्रिक सीमा तय करने की योजना: सीबीआईसी सदस्य

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) करदाताओं पर अनावश्यक दबाव कम करने और नोटिस जारी करने में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जीएसटी मांग के नोटिस पर मौद्रिक सीमा लागू करने की योजना बना रहा है। बोर्ड के सदस्य शशांक प्रिय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शशांक प्रिय ने उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में कहा कि सीबीआईसी जल्द ही अपने क्षेत्रीय कार्यालयों को इस संबंध में निर्देश जारी करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर मांग के नोटिस केवल इसलिए जारी नहीं होंगे कि मांग की पुष्टि हो जाए। इसके लिए एक मौद्रिक सीमा तय करने की योजना है। उन्होंने कहा, ''हम तुच्छ आधार पर नोटिस जारी करने के पक्ष में नहीं हैं। अब क्षेत्रीय कार्यालयों में न्यायसंगत फैसले सुनिश्चित किए जाएंगे और अनुचित मांग को हटाने में कोई हिचक नहीं होगी। यह एक सांस्कृतिक बदलाव है।'' सीबीआईसी करदाताओं की सुविधा के लिए जीएसटी रिटर्न प्रक्रिया को सरल बनाने पर भी काम कर रहा है। पांच करोड़ रुपये से अधिक कारोबार वाले व्यवसायों को अब केवल ई-इनवॉइस दर्ज करना होगा और बाकी डेटा अपने-आप ही दर्ज हो जाएगा।

### बड़े जहाजों के निर्माण को मिला अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा

**नयी दिल्ली:** सरकार ने 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने के लिए अब बड़े जहाजों के निर्माण एवं संचालन को अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा दे दिया है। वित्त मंत्रालय की तरफ से एक गजट अधिसूचना के मुताबिक, अब भारतीय स्वामित्व और ध्वज वाले 10,000 टन या उससे अधिक वहन क्षमता वाले वाणिज्यिक जहाजों को अवसंरचना क्षेत्र का दर्जा मिलेगा। इसके अलावा, भारत में निर्मित 1,500 टन या उससे अधिक क्षमता के भारतीय स्वामित्व वाले जहाजों को भी यह सुविधा दी जाएगी। वित्त मंत्रालय ने 19 सितंबर को जारी अधिसूचना में कहा कि बड़े जहाजों को 'ढांचागत उप-क्षेत्रों की मानकीकृत सूची' (एचएमएल) के तहत परिवहन एवं लॉजिस्टिक श्रेणी में नए उप-क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है। सरकार का यह निर्णय वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश बजट में की गई घोषणा के अनुरूप है। ढांचागत क्षेत्र का दर्जा मिलने से जहाज उद्योग को कई लाभ मिलेंगे। अब उनके लिए विदेशों से आसान वित्तपोषण, कर-मुक्त बॉन्ड के जरिये धन जुटाने की सुविधा, कर छूट और आईआईएफसीएल जैसे समर्पित ऋणदाताओं एवं ऋण कोषों तक पहुंच आसान हो जाएगी। भारत ने 2016 में 'जहाज निर्माण स्थल' को अवसंरचना क्षेत्र की सूची में जगह दी थी। फिलहाल इस सूची में पांच मुख्य क्षेत्र और 38 उप-क्षेत्र हैं। मुख्य क्षेत्रों में परिवहन, ऊर्जा, जल एवं स्वच्छता, संचार और सामाजिक एवं वाणिज्यिक अवसंरचना शामिल हैं।

## रुपये के सर्वकालिक निचले स्तर पर आने के बीच सोना नए शिखर पर, चांदी का भी नया रिकॉर्ड



**नयी दिल्ली:** सुरक्षित निवेश के लिए वैश्विक मांग बढ़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये बढ़कर 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें भी मंगलवार को 3,220 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। पिछले सत्र में यह 1,36,380 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में भारी बढ़ोतरी के कारण विदेशी कोषों की निरंतर निकासी के बीच मंगलवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 47 पैसे की गिरावट के साथ 88.75 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे भारतीय आईटी सेवा निर्यात को बड़ा झटका लगने की आशंका है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना एक प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,791.10 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

## भारत अगले तीन साल में वैश्विक नवोन्मेषण सूचकांक में शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा: अमित शाह



**गांधीनगर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले दशक में वैश्विक नवोन्मेषण सूचकांक में भारत की रैंकिंग 91 से बढ़कर 38 हो गई है। देश अगले तीन साल में शीर्ष 10 में जगह बना लेगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान के परिणाम दिखने लगे हैं और देश अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। इसने देश के युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया है। शाह ने यहां गुजरात सरकार के 'स्टार्टअप कॉन्क्लेव' के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा, '' हाल ही में वैश्विक नवाचार सूचकांक की घोषणा की गई। 2015 में इस सूचकांक में हमारी रैंकिंग 91 थी लेकिन 2025 में हम 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह हमारे लोगों की क्षमता को दर्शाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हमारे युवाओं के प्रदर्शन एवं क्षमताओं को देखते हुए देश अगले तीन वर्ष में शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा और दुनिया में नवोन्मेषण के क्षेत्र में अग्रणी होगा।'' 'स्टार्टअप इंडिया' योजना भारत सरकार की प्रमुख पहल है, जिसे 2016 में नवाचार को बढ़ावा देने और एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए शुरू किया गया था। इसका मकसद भारत को नौकरी चाहने वाले देश से नौकरियों का सृजन करने वाले देश में बदलना है। शाह ने कहा, '' 2014 में हमारे पास सिर्फ 500 स्टार्टअप थे। आज हमारे पास डीपीआईआईटी (उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) के साथ पंजीकृत 1.92 लाख स्टार्टअप हैं।

## शेयर बाजार में तीसरे दिन गिरावट; सेंसेक्स 58 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 58 अंक नीचे आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 33 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क काफी बढ़ाये जाने के बीच आईटी तथा निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली तथा विदेशी पूंजी की निकासी से बाजार में गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसक्स 57.87 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 82,370.38 अंक तक गया और नीचे में 81,776.53 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, वाहन और चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में लिवाली ने नुकसान को कम किया। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, इटर्नल और आईटीसी प्रमुख रूप नुकसान में रहीं।

### .काई इंडिया का कैन रेजर रेंज के साथ त्योहारों में घर बैठे पाएं स्मूद स्किन

**कोलकाता, समाज्ञा :** त्योहारों का मौसम अपने साथ खुशियां, ट्रैवल और लगातार चलने वाले सेलिब्रेशन लेकर आता है। ऐसे में हर वक्त ग्रूम्ड रहना अब बेहद आसान है, काई इंडिया के कैन रेज़र रेंज के साथ। खासतौर पर महिलाओं के लिए डिज़ाइन किए गए इस कलेक्शन में कैन बॉडी रेज़र, कैन फेस रेज़र और कैन आईब्रो रेज़र शामिल हैं, जो अलग-अलग ग्रूमिंग ज़रूरतों को पूरा करते हैं। कैन फेस रेज़र डबल-कोटेड स्टेनलेस स्टील ब्लेड्स, पीटीएफई टेक्नॉलॉजी और क्रोमियम कोटिंग के साथ बना है और हल्के, स्मूद हेयर रिमूवल के लिए परफेक्ट है। इसमें लगा सेफ़्टी स्किन गार्ड कट्स से बचाता है और इसका एर्गोनॉमिक डिज़ाइन इसे इस्तेमाल करने में आसान बनाता है। पीच फ़ज़ हटाने, माथे के किनारे शेप देने और त्योहारों के मेकअप से पहले स्मूद बेस तैयार करने के लिए यह एक ज़रूरी ब्यूटी टूल है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3367 अंक 177, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in